तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 8.2 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार, 13 दिसंबर 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



10 लॉटरी से 145 हितग्राही को मिला पीएम आवास





12 अंडरब्रिज में फिसलन से कई वाहन चालक हो रहे चोटिल









## खबर संक्षेप

### ई रिक्शा और एक्टिवा में भिड़ंत, युवक की मौत



**भिलाई।** ई रिक्शा और एक्टिवा में भिड़ंत होने से एक्टिवा सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र की है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि वार्ड 9 शीतला पारा भिलाई तीन निवासी अरमान यादव की सड़क हादसे में मौत हो गई। चरोदा स्थित मंदिर के पास गुरुवार देर रात ई-रिक्शा एक्टिवा के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें एक्टिवा सवार अरमान यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से उपचार के लिए सुपेला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर है कि अरमान की उसकी तीन वर्ष पहले ही शादी हुई थी और वह एक बच्चा भी है। मृतक भिलाई तीन स्थित ज्वेलरी शॉप में काम करता था। हादसे के बाद ई-रिक्शा चालक व वाहन के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है। गौरतलब हो कि सड़क पर ई रिक्शा रफ्तार में चल रहा है।

**खबर का असर : कड़ाके की ठंड से स्कूली बच्चों को राहत**

# सुबह आधे घंटे बाद खुलेंगे स्कूल, बच्चों के लिए प्राथमिक उपचार बॉक्स की भी रहेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सुबह कड़ाके की ठंड से स्कूली बच्चों को राहत दिलाने की कोशिश की गई है। हरिभूमि में 12 दिसंबर को स्कूली बच्चे कड़ाके की ठंड में भी स्कूल जा रहे हैं इसकी खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। कलेक्टर ने इस खबर को संज्ञान में लेते हुए स्कूल लगने का समय बदल दिया है। वहीं स्कूलों में कोल्ड बेव से प्रभावित बच्चों के सेहत को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक उपचार की सुविधा भी मुहैया करवाई जाएगी। अब सुबह स्कूल आधा घंटे बाद लगेगी और पौन घंटे पहले शाम को छुट्टी दी जाएगी। सुबह 8 बजे से ही सुबह पाली की स्कूल लगेगी। इसी तरह दोपहर पाली के स्कूलों को शाम 4.15 बजे बंद करने के निर्देश जारी किए गए हैं। बीएसपी, सरकारी, सीबीएसई निजी और अनुदान प्राप्त स्कूल इस आदेश के दायरे में लिए गए हैं।




### इस तरह लगाए जाएंगे स्कूल

दो पाली में संचालित शालाओं में प्रथम पाली दिवस (प्राथमिक एवं पूर्वमाध्यमिक शाला) सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः 8 से 11:45 बजे तक लगेगी। शनिवार के दिन ये शालाएं अपरान्ह 12.15 बजे से शाम को 4:15 बजे तक चलेगी। दूसरे पाली में यहां हाई व हायर सेकंडरी स्कूल लगती है। यहां सोमवार से शुक्रवार तक अपरान्ह 12 बजे से सायं 4:45 बजे तक लगाई जाएगी। शनिवार के दिन ये स्कूल सुबह 8 बजे से 12 बजे तक लगेगी। एक पाली वाले स्कूल सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 10 से शाम 4 बजे तक लगेगी। शनिवार के दिन ये स्कूल सुबह 8 बजे से 12 बजे तक लगाई जाएगी।

### स्कूलों में शीतलहर से बचाव करने फर्स्ट एड बॉक्स

जिला प्रशासन और जिला शिक्षा विभाग ने शीत लहर को देखते हुए स्कूलों में प्राथमिक उपचार बॉक्स रखने की हिदायत दी है। इस बॉक्स में वे सभी दवांए रखनी है जो शीतलहर से प्रभावित बच्चे का प्रारंभिक उपचार हो सके। उपचार बॉक्स में डॉक्टरो के हिसाब से दवाएं रखी जानी है। किसी बच्चे की सेहत बिगड़ती है तो अस्पतालों/आपातकालीन सेवा प्रदान करने वाले संस्थाओं/विभागों का संपर्क नम्बर का विवरण विद्यालय में रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई है।

### विद्यार्थियों को जागरूक करेंगे शिक्षक

शीतलहर से बचाव के लिए स्कूल शिक्षकों की भूमिका भी सुनिश्चित की गई है। शिक्षक विद्यार्थियों को ठंड के दौरान होने वाली दिक्कतों और उससे बचने के लिए कक्षा में जागरूक भी करते रहेंगे। शीतलहर संबंधी सुझाव के बैनर भी स्कूलों में लगाने की हिदायत दी गई है।

### ट्विनसिटी का न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री

शुक्रवार को ट्विनसिटी का न्यूनतम तापमान शुक्रवार को भी 8.2 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 5.7 डिग्री सेल्सियस नीचे है। मौसम विभाग ने तीन दिनों तक दुर्ग जिले में शीतलहर बने रहने की चेतावनी दी है। उसके बाद न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दो से तीन डिग्री सेल्सियस हो सकता है। जिससे ठंड में थोड़े दिनों के लिए राहत मिल सकती है। अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा बताते हैं कि शीतलहर की वजह से अलसुबह कोहरे और धुंध की स्थिति बनी रहेगी। शाम जैसे जैसे बढ़ रही है वैसे-वैसे ठंड और बढ़ती जा रही है।

### प्रभावित बच्चे को अस्पताल पहुंचाने की सुविधा

कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल प्रबंधकों को यह भी हिदायत दी है कि गंभीर रूप से शीत लहर से प्रभावित होने वाले विद्यार्थियों को अस्पताल पहुंचाने हेतु वाहन का इंतजाम करें। इसके लिए किसी जिस शिक्षक को जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका नाम, मोबाइल नंबर सूचना पटल पर अंकित रहे।

### आदेश तत्काल प्रभाव से लागू

स्कूलों का समय ठंड को देखते हुए परिवर्तित कर दिया गया है। ये आदेश बीएसपी, निजी, सरकारी और अनुदान प्राप्त स्कूलों के लिए है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। 15 दिसंबर तक ये आदेश लागू रहेंगे।

-अरविंद कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से ट्रक चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्रक पर चढ़ते समय चालक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घटना पुलगांव थाना क्षेत्र की है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि गिरहोला नंदिनी निवासी सुरेश कुमार ट्रक चालक है। गुरुवार को गायत्री पैलेस के सामने गोयल इंफ्रा कंपनी के गेट के पास खड़े फ्लाई एश से भरे ट्रक पर चढ़ते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में सुरेश आ गया। करंट लगते ही सुरेश जमीन पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर जेवरा सिरसा पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में सुरेश को निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां आईसीयू में बेड नहीं होने से उसे शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। ट्रक हाईटेंशन लाइन के ठीक नीचे खड़ा था। सुरेश किसी काम से उस पर चढ़ा ही था कि अचानक उसका हाथ तार से संपर्क में आ गया। यह ट्रक राजीव कुमार श्रीवास्तव की है। चालक के शव को पीएम के लिए मरचूरी में भेजा गया है। ट्रक चालक की मौत को लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है।



#### कहीं भी रोक देते हैं भारी वाहनों को

सड़क पर चलते समय ट्रक चालक अपने वाहनों को कहीं पर भी रोक दिया जाता है। वह चाहे हाईटेशन लाइन हो या फिर नो पार्किंग क्यों न हो। इसी लापरवाही के दौरान अक्सर चालक इस तरह के चपेट में आया करते है। इसके पूर्व भी इस तरह की कई हादसे सड़क पर हो चुकी है। वाहन चालते समय ट्रैफिक नियमों का पालन हमेशा करना चाहिए।




## खबर संक्षेप



### सुपेला अस्पताल में की गई कैंसर की जांच

**भिलाई।** लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में लोगों की कैंसर स्क्रीनिंग टेस्ट की गई। रिपोर्ट आने के बाद मरीजों का निःशुल्क उपचार किया जाएगा।

एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत कैंसर स्क्रीनिंग के लिए बालको मेडिकल सेंटर रायपुर द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. पलक अग्रवाल कैंसर सर्जन बालको और उनकी टीम के सहयोग से मुख्य रूप से मुंह के कैंसर, स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रिवा का कैंसर की लक्षण की पहचान करते हुए मेमोग्राफी, पैपस्मियर की वैन में 45 लोगों क़ी जांच की गई।

डॉ. पलक अग्रवाल ने बताया कि लाल बहादुर अस्पताल में मरीजों की काफी संख्या है। यहां संभावित मरीज मिले जिनकी जांच की गई। इनका रिपोर्ट आने के बाद आगे की जांच व इलाज के लिए बालको में शासन की योजनाओं द्वारा मुफ्त इलाज किया जाएगा। डॉ. पीयम सिंह प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस शिविर से कई मरीज लाभान्वित हुए। उन्होंने कहा कि ऐसे मरीज जो पैसे के आभाव के कारण अपना जांच कराने में असमर्थ है, उनको सूचना देकर अस्पताल बुलाया गया। शिविर में अस्पताल के चिकित्सकगण डॉ. बी सक्सेना, डॉ. बी वहने, डॉ. श्रेयास श्रीवास्तव, डॉ. जे वर्षीका, डॉ. विजयालक्ष्मी, डॉ. वैष्णवी, एवं डॉ. नवेद अली के साथ एन सी डी स्टॉफ कीर्ति साहू, नन्द कुमार साहू, मुकुंद जंघेल, शशि कुर्रे, सीमा निर्मलकर हेल्प डेस्क, रीमा एवं कविता शामिल थे।

### बीएसपी ने 2028 में सरकार बनाने लिया संकल्प



**दुर्ग।** संविधान निर्माता डॉ बाबा साहब अम्बेडकर के 69 वें परिनिर्वाण दिवस पर बहुजन समाज पार्टी दुर्ग जोन इकाई के तत्वावधान में श्रद्धांजलि एवं विचार संगोष्ठी पुराना बस स्टैण्ड दुर्ग में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्टेट कॉर्डिनेटर बसपा छग लता गेडाम ने कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर के सपनों को साकार करने के लिए छत्तीसगढ़ में 2028 में बसपा सरकार बनाना होगा। कार्यक्रम में जयप्रकाश बंजारे, दिलीप साहू, संतोष ध्रुव, दीपक चंद्राकर, बंटी चौरे, देवानंद कुंभकार, कृष्णा कोर्सेवाडा, संतु यादव, हीरालाल टंडन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 15 तक धान परिवहन नहीं हुआ शुरू तो 17 दिसंबर से तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में धान खरीदी की स्थिति काफी खराब है, किसान सबसे ज्यादा टोकन नही मिलने से परेशान हैं, वहीं धान उठाव नही होने भी जाम की स्थिति निर्मित हो गई है।

शुक्रवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर के साथ किसान जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात करने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुचें जहां कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने किसानों की ओर से बात रखा। राकेश ठाकुर ने किसानों का पक्ष रखते हुवे कहा कि सबसे बड़ी परेशानी टोकन की है। सुबह से ही केंद्रों में लंबी कतारों में खड़े हो जाते हैं, मगर न तो ऑनलाइन और न ही ऑफलाइन टोकन मिल पा रहा है, कई किसान पखवाड़े भर से चक्कर काट रहे हैं, लेकिन सिस्टम में टोकन स्लॉट खुल ही नहीं रहा है। धान परिवहन न होने से खरीदी केंद्रों में जाम की स्थिति भी निर्मित होने को है। ज्ञापन सौंपने वालों में पुकेश चंद्राकर, नंदकुमार सेन, प्रदीप चंद्राकर, आनंद बघेल, प्रह्लाद वर्मा, द्वारिका साहू, अमृत राजपूत, अमित ठाकुर, अभिषेक जांगडे, बैकुंठ महानंद, वीरेन्द्र गोस्वामी, मुकेश साहू, हुलेशवर पटेल, धनजय वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर सहित किसानों ने कलेक्टर दुर्ग से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

### कांग्रेसियों ने शासन-प्रशासन को कराया अवगत

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने टोकन लिमिट तत्काल बढ़ाने तथा नियमित रूप से धान उठाव कर परिवहन की मांग की। इस दौरान उपस्थित कांग्रेसजन एवं किसानों के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कलेक्टर दुर्ग को ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया कि अगर सोमवार दिनांक 15 दिसम्बर तक धान टोकन का लिमिट बढ़ाकर नियमित रूप से धान परिवहन शुरू नही कराया गया तो कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में दिन बुधवार दिनांक 17 दिसम्बर को तालाबंदी करेंगे । जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।



### धान खरीदी के दौरान किसानों की अनदेखी का लगाया आरोप

राकेश ठाकुर ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार के नियत में ही खोंट है, कई बार किसानों की समस्या से अवगत कराने के बाद भी सरकार के कान में जूं तक नही रेंगा है। भाजपा सरकार लगातार किसानों को प्रताड़ति करने का काम कर रही है, इस तरह की समस्या भाजपा सरकार जान बूझ कर पैदा कर रही है ताकि किसानों का धान नही खरीदना पड़े। इसी तरह अगर धान खरीदी चलता रहा तो किसान तय समय मे अपना धान नही बेंच पाएंगे। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि पूर्व में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार भी धान खरीदते आई है लेकिन इस तरह का परेशानी कभी नही आया था। अगर सोमवार तक धान खरीदी के लिए टोकन की लिमिट बढ़ाकर धान परिवहन सुचारू रूप से प्रारंभ नही हुआ तो किसानों के साथ कांग्रेस पार्टी बुधवार को दुर्ग जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में तालाबंदी करेंगे।

## वार्ड-10 : जर्जर सड़कें, टूटी नालियां और शौचालय की कमी से वार्डवासी परेशान

# सूखी पाइपलाइन, खाली मटके बने वार्ड की पहचान, लोगों को टैंकरों का ही सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वार्ड परिक्रमा

वार्ड 10 के लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। सबसे बुनियादी सुविधा तक उपलब्ध नहीं है। इलाके में एक भी सार्वजनिक शौचालय नहीं है। पानी की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। सड़क की हालत भी अच्छी नहीं। दूसरी तरफ पार्किंग की भी कोई व्यवस्था नहीं है। घनी आबादी वाला इलाका होने के बावजूद वार्डवासी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है।

लक्ष्मीनगर वार्ड के लोग सालों से पानी की किल्लत झेल रहे हैं। पाइपलाइन बिछी है, लेकिन उसमें अब तक पानी नहीं आया। हैरानी की बात यह है कि लोग नियमित तौर पर पानी का शुल्क भी जमा कर रहे हैं, फिर भी सप्लाई शुरू नहीं हुई। यहां दूसरी बड़ी समस्या सार्वजनिक शौचालय की है। पूरे वार्ड में सिर्फ एक निजी शौचालय है, जिसका इस्तेमाल करने के लिए लोगों को पैसे देने पड़ते हैं। घनी आबादी वाले वार्ड में यह सुविधा नाकाफी है। सब्जी बाजार, मटन मार्केट के व्यापारी और वहां आने वाले खरीददार भी शौचालय के कमी से परेशान हैं। पार्किंग की स्थिति भी खराब है। जिस जगह पार्किंग बनाने का प्रस्ताव था, वहां अब अवैध कब्जा हो चुका है। ऊपर से वार्ड की ज्यादातर गलियों की सड़कें टूट चुकी हैं। नालियों की हालत भी खराब है। वहीं पाइप लाइन के लिए सड़के खोदी गई थी जिसे आज तक समतल नहीं किया गया। जानकारी यह भी सामने आई है कि भिलाई नगर निगम ने सभी वार्डों के लिए सड़क और नाली निर्माण की स्वीकृति दी है, लेकिन लक्ष्मीनगर वार्ड के लिए अब तक कोई मंजूरी जारी नहीं हुई।

### लंबे समय से पानी की किल्लत





### पाइपलाइन सिर्फ दिखावे की सप्लाई शून्य



वार्ड के निवासी ईश्वरी प्रसाद तिवारी ने बताया कि पानी की समस्या इतनी पुरानी है कि लोग इसका सामना करते-करते थक चुके हैं। पाइपलाइन बिछी जरूर है, लेकिन उसमें कभी पानी आया ही नहीं। लोग हर साल नगर निगम को पानी का टैक्स भरते हैं, फिर भी सप्लाई शुरू नहीं हुई। पूरे वार्ड की जरूरत टैंकरों से पूरी की जा रही है। गर्मी के दिनों में हालात और बिगड़ जाते हैं। टैंकर देर से आते हैं, पानी कम मिलता है। तिवारी ने बताया कि पूरे वार्ड में बुनियादी जरूरतों की अनदेखी की जा रही है। पाइपलाइन बिछ चुकी है, शुल्क भी लिया जा रहा है, तो पानी सप्लाई रोकने की वजह आखिर क्या है, यह बड़ा सवाल बन गया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम इस समस्या को गंभीरता से ले और स्थायी समाधान दे, क्योंकि टैंकर किसी वार्ड की स्थायी जल व्यवस्था नहीं हो सकती।

### टूटी सड़कों और बदहाल नालियों से जनजीवन प्रभावित





लक्ष्मीनगर वार्ड की हालत सड़क और नाली दोनों मोर्चों पर लगातार बिगड़ती जा रही है। वार्डवासी सीमा गवई और महेश्वरी साहू ने बताया कि इलाके की लगभग हर सड़क लंबे समय से जर्जर है। जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं और रोजाना लोग फिसलते, गिरते या दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। बरसात के दिनों में परेशानी और बढ़ जाती है। गड्ढों में पानी भर जाता है, सड़कें दिखाई नहीं देतीं और वाहनों का निकलना मुश्किल हो जाता है। कई गलियां तो ऐसी हैं जहां पैदल चलना भी चुनौती बन जाता है। नालियों की हालत भी बेहतर नहीं है। कई नालियां टूटी हैं। नालियों की साफ-सफाई ठीक से नहीं होती, जिससे बदबू और मच्छरों का खतरा बढ़ जाता है। सीमा गवई और महेश्वरी साहू ने नगर निगम से मांग की कि वार्ड में जल्द सड़क डामरीकरण शुरू हो और टूटी नालियों का निर्माण किया जाए।

### लक्ष्मीनगर बाजार में शौचालय और पार्किंग की कमी से व्यापारी और खरीदार दोनों परेशान

लक्ष्मीनगर बाजार की बुनियादी समस्याएं सालों से जस की तस हैं। बाजार के



व्यापारी संघ के अध्यक्ष गणेश कुमार हिमांशु, सुधीर साव, अरुण सिंह, निक्की साव, चौबेन्द्र देवांगन, नीरज साव बट्टू, अनुज और नारदमुनी ने बताया कि पूरे बाजार में एक भी सार्वजनिक शौचालय नहीं है। यही वजह है कि यहां खरीदारी करने आने वाले लोगों सहित व्यापारियों को भी काफी दिक्कत होती है। बाजार में महिलाएं भी बड़ी संख्या में दुकानें लगाती हैं, लेकिन शौचालय की सुविधा न होने से उन्हें सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ती है। दूर-दूर से आने वाले ग्राहक भी इसी समस्या का सामना करते हैं। कई बार लोग खरीदारी अधूरी छोड़कर लौट जाते हैं क्योंकि आसपास कोई व्यवस्था नहीं है। पार्किंग की समस्या भी गंभीर है। जिस जगह वाहन स्टैंड बनाने के लिए नगर निगम को बताया गया था, वहां अब ठेले और खोमचे वालों का कब्जा हो गया है। नतीजा यह है कि बाजार में वाहन खड़े करने की कोई जगह नहीं बची और रोजाना जाम की स्थिति बनती है। व्यापारियों ने नगर निगम से जल्द से जल्द सार्वजनिक शौचालय बनाने और तय जगह पर पार्किंग की व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

### नगर निगम नहीं दे रहा ध्यान

वार्ड 10 के पार्षद चन्द्रशेखर गवई ने बताया कि वार्ड के विकास के लिए नगर निगम द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विकास कार्यों के अभाव में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लक्ष्मीनगर में सभी विकास कार्य पार्षद निधि के पैसे से किया जा रहा है। अब तक करीब 22 लाख रुपए खर्च हो चुके हैं। सभी वार्डों में सड़क और नाली निर्माण के लिए नगर निगम से राशि स्वीकृत की गई है, लेकिन लक्ष्मीनगर वार्ड के लिए कोई राशि अब तक स्वीकृत नहीं हुई। सड़कों की हालत काफी खराब है और नालियां भी टूट चुकी हैं। सुपेला नूर मस्जिद के सामने पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है। इसके बनने से नलों में पानी आना शुरू हो जाएगा। सार्वजनिक शौचालय, पार्किंग स्थल, अखेट परिसर मटन-मछली मार्केट के उन्नयन की मांग कई बार निगम से की गई है, जो आज भी पूरी नहीं हुई। बड़े नालों पर अतिक्रमण के कारण यह छोटी नाली में परिवर्तन हो गया है। गदा चौक का नाम बदलकर पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के नाम पर रखने की मांग भी कई बार निगम में की गई है। वहीं आंगनबाड़ी की जमीन पर भी लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है, लेकिन कोई कार्रवाई निगम द्वारा नहीं की जा रही।

## लॉटरी से 145 हितग्राही को मिला पीएम आवास



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

■ विधायक रिकेश सेन ने सौंपा सर्टिफिकेट

केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (एएचपी) घटक की लाटरी नगर निगम भिलाई सभागार कक्ष में शुक्रवार को आयोजित की गई। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, सभापति गिरवर बंटी साहू, निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, एमआईसी सदस्य संदीप निरंकारी, पार्षद नोहर वर्मा, सत्या देवी जायसवाल एवं आवास विभाग के नोडल अधिकारी अजीत तिग्गा की उपस्थिति में 145 हितग्राहियों की लाटरी निकाली गई।

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में कुल निर्मित/निर्माणाधीन मकानों की संख्या 1749 है, जिसमें से 1053 आवासों आबंटित किया जा चुका है। शेष 696 मकानों में वन्दे मातरम कुरूद 26 मकान, स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद 11 मकान, सूर्याविहार के पीछे खम्हरिया 1 मकान, रजत बिल्डर्स शांति नगर 3 मकान, कृष्णा इंजीनियरिंग कालेज के पीछे खम्हरिया 45 मकान, माईल स्टोन के पीछे खम्हरिया 59 मकान का आबंटन लाटरी पद्वति के माध्यम से किया गया। इसमें भूतल के आवेदकों की संख्या 31 एवं अन्य तल के आवेदकों की संख्या 114 कुल 145 आवेदकों को आवास आबंटित किया गया है। लाटरी पश्चात शेष 551 आवासो का आबंटन आगामी समय में किया जाना है। अधिकारियों ने बताया कि हितग्राहियों को शासन की योजनाओं के बारे में पूरी जानकारी दी गई। ताकि उन्हें परेशान न होना पड़े।

लाटरी के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, आवास प्रभारी विदयाधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, उत्पल शर्मा, आदित्य सिंह, युक्ति देवांगन, जी मोहन राव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## इस वर्ष का अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत आज

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

■ किया गया है प्रचार-प्रसार

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2025 का अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। लोक अदालत एक ऐसा मंच है, जहां न्यायालयों में सौहार्दपूर्ण तरीके से समझौता किया जाता है। वर्षों का विवाद मिनटों में सुलझ जाता है।

राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा व्यापक रूप से प्रचार प्रसार शिविर एवं डोर टू डोर कैपेनिंग की गई है, जिसमें लोक अदालत से संबंधित पाम्पलेट्स वितरित किया गया है, साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के यू-ट्यूब चैनल, फेसबुक पेज तथा इंस्टाग्राम पेज के माध्यम से भी जनसामान्य को जागरूक किया गया है। निःशुल्क विधिक जानकारी के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के यू-ट्यूब चैनल, फेसबुक पेज तथा इंस्टाग्राम पेज को फॉलो कर सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा लोक अदालत में आने वाले पक्षकारों के लिये न्यायालय परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य की जांच जिला अस्पताल के सहयोग सेकिया गया है। जरूरतमंदों की निःशुल्क सेवा के लिए रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है, तथा रक्तदान कर निःशुल्क रक्तदान सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित कर सकता है। लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, दीवानी मामले, चेक बाउंस के मामले, धन वसूली के मामले, मोटर दुर्घटना दावा तथा ट्रैफिक चालान का निराकरण किया जाएगा। ऐसे मामले जो न्यायालय में प्रस्तुत नहीं हुए हैं, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से निराकरण किए जायेंगे। नेशनल लोक अदालत हेतु जिला न्यायालय के साथ ही व्यवहार न्यायालय पाटन, भिलाई-3 तथा धमधा में भी खण्डपीठ का गठन किया गया है।

### 11 जनवरी को सीटू का वार्षिक सम्मेलन

**भिलाई।** हिंदुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन भिलाई सीटू का तीन वार्षिक सामान्य सम्मेलन 11 जनवरी को होगा। यूनियन की विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। सम्मेलन में विस्तारित कार्यकारिणी समिति के सदस्य पदेन प्रतिनिधियों के रूप में भाग लेंगे। इसके अलावा 19 वें त्रय वार्षिक सम्मेलन हेतु जारी किए गए दिशा निर्देश के अनुसार जोनल एवं ब्रांच सम्मेलन में चुने गए प्रतिनिधि इस सम्मेलन में भाग लेंगे। .यूनियन महासचिव जगन्नाथ प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि सम्मेलन में यूनियन के द्वारा किए गए गतिविधियों की रिपोर्ट के साथ आगामी 3 वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी का चुनाव किया जाता है।

## जांच की गुणवत्ता सुधारने आईजी ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

आईजी रामगोपाल गर्ग ने समीक्षा बैठक लिया। इसमें 270 से अधिक दोषमुक्ति मामलों की पड़ताल की गई। बैठक में दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिलों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य गंभीर अपराधों में दोषमुक्ति के कारणों को समझना और भविष्य में दोषसिद्ध प्रतिशत बढ़ाने के लिए ठोस रणनीति तैयार करना था। रेंज कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में महिला-बाल अपराध, पॉक्सो एक्ट, हत्या, हत्या का प्रयास और अन्य गंभीर अपराधों से जुड़े उन मामलों का विशलेषण किया गया। जिनमें अदालतों ने आरोपियों को बरी कर दिया था। आईजी ने कहा कि दोषमुक्ति केवल अदालत का निर्णय नहीं, बल्कि यह विवेचना, साक्ष्य संकलन और अभियोजन समन्वय की कमजोरियों का संकेत है। उन्होंने सभी विवेचकों को मजबूत फोरेंसिक सहयोग लेने, केस डायरी की गुणवत्ता सुधारने,



अदालत में पेश किए जाने वाले साक्ष्यों को त्रुटिरहित बनाने के स्पष्ट निर्देश दिए। पुलिस और अभियोजन के बीच मजबूत समन्वय को अत्यंत आवश्यक बताया। आईजी ने कहा कि यदि साक्ष्य कोर्ट में अपनी विश्वनीयता सिद्ध नहीं कर पाते, तो पूरी जांच प्रक्रिया प्रभावित होती है। दोषसिद्ध प्रतिशत बढ़ाना पुलिस की कार्यकुशलता और विश्वनीयता का सीधा संकेतक है, इसलिए हर अपराध में पेशेवर मानक अनिवार्य हैं।

### होगा जमानत निरस्तीकरण

बैठक में आदतन अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई को प्राथमिकता दी गई। आईजी गर्ग ने कहा कि ऐसे अपराधी समाज में भय का वातावरण बनाते हैं। उनके खिलाफ कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई आवश्यक है। निर्देश दिया गया है कि जिन अपराधियों को जमानत मिल चुकी है और वे दोबारा अपराध करते पकड़े जा रहे हैं, उनकी जमानत निरस्तीकरण के लिए तत्काल न्यायालय में पहल की जाए।

## 1800 कर्मचारियों का पंजीयन, उपस्थिति से लेकर अवकाश आवेदन तक अब डिजिटल

# कर्मचारियों की उपस्थिति अब ऑनलाइन, कर्तव्य एप लॉन्च

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

■ तीन बार उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य

नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यकुशलता और पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ऑनलाइन मोबाइल ऐप कर्तव्य का शुभारंभ किया गया। महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल तथा सभापति श्याम शर्मा ने एमआईसी सदस्यों और पार्षदों की उपस्थिति में इस ऐप का



औपचारिक लॉचिंग किया।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्लेसमेंट, एमसीसी और फील्ड वर्कर कर्मचारियों को दिन में तीन निर्धारित समय सुबह 6 से 6:30 बजे, 10 से 10:30 बजे और दोपहर 1:45 से 2:15 बजे के बीच उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य होगा। इस व्यवस्था से फील्ड कर्मचारियों की गतिविधियों पर बेहतर निगरानी हो सकेगी और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी।

नगर निगम के लगभग 1800 कर्मचारियों का पंजीयन इस ऐप में किया जा चुका है। कर्तव्य ऐप के माध्यम से पेरोल विवरण, उपस्थिति रिकॉर्ड, अवकाश आवेदन सहित अनेक सुविधाएं अब ऑनलाइन उपलब्ध होंगी। इससे कर्मचारियों का समय बचेगा और कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। लॉन्चिंग कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, मनीष साहू, काशीराम कोसरे, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पार्षद सरिता चंद्राकर, ललिता ठाकुर, लोकेश्वरी ठाकुर, खिलावन मटियारा, नीरा खिचरिया, मनीषा सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

**महापौर ने कहाः** कि कर्तव्य ऐप निगम प्रशासन के डिजिटलीकरण की दिशा में बड़ा कदम है। इससे फील्ड कार्यों पर बेहतर नियंत्रण और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

**आयुक्त ने कहा :** आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि डिजिटल प्रणाली अपनाने से कर्मचारी व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी। समय प्रबंधन, उपस्थिति और कार्यक्षमता पर ऐप का सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

## एसआईआर तिथि 7 दिन फिर बढ़ी अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी तक

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

■ मतदाता सत्यापन 18 दिसंबर तक चलेगा

छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में चलाए जा रहे निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया को 7 दिन के लिए बढ़ा दिया है, जिसके परिणामस्वरूप कार्यक्रम की तिथियां बदल गई हैं। संशोधित तिथियों के अनुसार अब घर-घर मतदाता सत्यापन का कार्य 18 दिसंबर तक चलेगा। मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन (ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी) 23 दिसंबर 2025 को किया जाएगा।

आपत्ति और दावा दर्ज करने की संशोधित अवधि मंगलवार 23 दिसम्बर से 22 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। सुनवाई और सत्यापन का कार्य 23 दिसम्बर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक चलेगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा। सभी संबंधितों को आयोग द्वारा जारी इन निर्देशों का अक्षकशः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है।

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय ओपन कबड्डी प्रतियोगिता आज से

**जामुल** । दुर्ग जिले में मां महामाया युवा संगठन जामुल के तत्वाधान में शिवपुरी जामुल भिलाई, छत्तीसगढ़ में दो दिवसीय महिला व पुरूष ओपन कबड्डी प्रतियोगिता - 2025 का आयोजन 13 दिसंबर से किया गया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ शाम 4 बजे विजय बघेल सांसद दुर्ग के मुख्य आतिथ्य में होगा। अध्यक्षता राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाडा विधायक अहिवारा करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि राकेश पांडेय अध्यक्ष, खादी ग्रामोद्योग कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त, शशिकांत बघेल अध्यक्ष, कबड्डी संघ छत्तीसगढ़. एवं सत्येन्द्र सिंह पूर्व अध्यक्ष युवा मोर्चा जिला भिलाई.होंगे। पुरस्कार वितरण समारोह 14 दिसम्बर रविवार को रात्रि 8 बजे होगा। मुख्य अतिथि डॉ. सरोज पांडेय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी होंगी। अध्यक्षता पुरुषोत्तम देवांगन जिला अध्यक्ष भिलाई भारतीय जनता पार्टी करेंगें।

## निधन


### अनिल मिश्रा

**भिलाई**। नगर पालिक निगम भिलाई जोन 2 वैशालीनगर के जोन स्वास्थ अधिकारी और जवाहर नगर निवासी अनिल मिश्रा (55 वर्ष) का हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान आयुक्त राजीव पाण्डेय, नेता विपक्ष भोजराज सिन्हा,महापौर परिषद के सदस्य संदीप निरंकारी, लक्ष्मी पति राजू, पार्षद पीयूश मिश्रा, संजय सिंह नितेश, अशोक द्विवेदी, महेन्द्र यादव, सुनील जैन, अर्पित बंजारे, भारतीय मजदूर संघ के एसएन पाण्डेय, अंजनी द्विवेदी, पत्रकार संदीप उपाध्याय इंद्रमणि त्रिपाठी, शरद दुबे, अमरनाथ दुबे, रामवृक्ष यादव, गोपाल सिन्हा, कृष्णा देशमुख, विवेक रंगनाथ, विजेन्द्र परिहार, नलनीश मिश्रा, शशिभूषण मोहंती, रोहित बंजारे सहित अन्य मौजूद थे। वे अपने पीछे दो पुत्र, पत्नी सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



### नंद ठाकुर

**सेलूद**। पटेल चौक सेलुद निवासी नंद ठाकुर का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार भाटापारा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे ग्राम सेलुद के पंच सुशील ठाकुर,सुनील ठाकुर,जीतू ठाकुर के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार के अवसर पर गाँव समाज व परिवार के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### बुधियारिन बाई साहू

**जामुल** । गणेश नगर वार्ड 5 जामुल निवासी बुधियारिन बाई साहू (78) का निधन शुक्रवार को हो गया। वह अपने पीछे एक भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए है। उनका अंतिम संस्कार जामुल के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे रामरतन साहू और कुमार साहू की माता थी।



# रेलवे परियोजना के प्रभावित किसानों ने उठाई 'पहले मुआवजा–फिर कार्य' की मांग

## सीवीबी गाइडलाइन पुनरीक्षण, रेलवे में स्थायी नौकरी और 132 केवी लाइन में दोगुनी क्षतिपूर्ति की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|उतई



परमलकसा–नया रायपुर–खरसिया रेलवे परियोजना के प्रभावित किसानों ने सीवीबी गाइडलाइन पुनरीक्षण के अनुरूप 'पहले मुआवजा–फिर कार्य' की मांग उठाई है। राज्य सरकार द्वारा केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड (सीवीबी) गाइडलाइन 2025–2026 के पुनरीक्षण हेतु 31 दिसंबर तक सुझाव–आपत्तियाँ आमंत्रित किए जाने के बाद, दुर्ग सम्भाग के प्रभावित किसानों ने विस्तृत मांग-पत्र छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव को प्रेषित किया है। किसानों ने मांग की है कि राज्य की सभी केंद्र एवं राज्य परियोजनाओं में "पहले मुआवजा–फिर कार्य" की नीति को अनिवार्य रूप से लागू किया जाए, ताकि भूमि अधिग्रहण के बाद किसानों को वर्षों तक मुआवजे की प्रतीक्षा न करनी पड़े।

मांग-पत्र में विशेष रूप से उल्लेख किया गया है कि परमलकसा–नया रायपुर–खरसिया रेलवे परियोजना में भूमि देने वाले प्रत्येक प्रभावित परिवार को एक सदस्य के लिए स्थायी नौकरी प्रदान करने का स्पष्ट प्रावधान अधिसूचना में जोड़ा जाए। साथ ही नौकरी उपलब्ध होने तक परिवारों को मासिक अंतरिम सहायता दिए जाने की भी मांग की गई है। किसान नेताओं का कहना है कि देश के कई राज्यों की प्रमुख रेलवे परियोजनाओं में यह व्यवस्था लागू है, इसलिए छत्तीसगढ़ में भी इसे लागू किया जाना न्यायोचित है।

इसी प्रकार 132 केवी पाटन–अण्डा विद्युत पारेषण लाइन से प्रभावित किसानों ने कृषि भूमि पर स्थायी क्षति, निर्माण प्रतिबंध, सुरक्षा जोखिम और सिंचाई स्रोतों के प्रभावित होने के कारण दोगुनी क्षतिपूर्ति दर तय किए जाने का प्रस्ताव रखा है। किसानों का कहना है कि वर्तमान दरें भूमि की वास्तविक क्षति, भू-उपयोग प्रतिबंध और उत्पादन क्षमता में कमी का उचित मूल्यांकन नहीं करतीं।

किसानों ने सीवीबी गाइडलाइन 2025–26 की दरों के वास्तविक पुनरीक्षण की मांग करते हुए कहा कि भूमि मूल्य निर्धारित करते समय स्थानीय बाजार मूल्य, फसल उत्पादन क्षमता, कृषि लागत और ग्राम-स्तरीय आर्थिक परिस्थिति को मूल आधार बनाया जाए। उन्होंने सिंचित, असिंचित, बाड़ी, चारागाह एवं आवासीय भूमि के मूल्य में वैज्ञानिक अंतर जोड़ने का आग्रह किया है। मांग-पत्र में सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन (एसआईए) सर्वे को दोबारा संचालित करने और ग्रामवासियों—किसानों, महिला समूहों, पशुपालकों व अन्य प्रभावित परिवारों की राय को शामिल करने की आवश्यकता बताई गई है। किसानों ने स्पष्ट कहा है कि परियोजना कार्य प्रारंभ होने से पहले ग्रामीणों से लिखित जनसहमति लेना अनिवार्य किया जाए। अंत में किसानों ने अनुरोध किया है कि केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड (सीवीबी) की 2025–26 गाइडलाइन के पुनरीक्षण आदेश में इन सभी मांगों को शामिल कर किसानों के हितों की सुरक्षा हेतु स्पष्ट अधिसूचना जारी की जाए। यह मांग-पत्र किसान नेता ढालेश साहू की ओर से भेजा गया है।

## सोसाइटी में हलाकान हो रहे किसान

# टोकन के नाम पर किसानों का छूट रहा है पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

धान खरीदी सीजन शुरू होते ही क्षेत्र के किसानों की परेशानियाँ चरम पर पहुँच गई हैं। जितनी मेहनत किसानों ने धान उत्पादन में की है, उससे कहीं ज्यादा संघर्ष उन्हें टोकन प्राप्त करने में करना पड़ रहा है। टोकन न मिलने से किसानों की उम्मीदें टूटती जा रही हैं और धान बेचने की प्रक्रिया पूरी तरह ठप जैसी स्थिति में पहुँच गई है। मौसम खराब होने की और कई किसान अपने धान को बीयरा (गोदाम) में रखे-रखे प्रेषण का इंतजार कर रहे हैं, जिससे धान खराब होने का भी खतरा बढ़ गया है।

किसान पुरुषोत्तम कश्यप ने अपनी व्यथा व्यक्त करते हुए बताया कि वह पिछले एक महीने से टोकन के लिए भटक रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्हें टोकन नहीं मिला है। उनका लगभग 2000 कट्टा धान बीयरा में पड़ा हुआ है, जिसके रखरखाव और सुरक्षा की चिंता अलग से सता रही है। उन्होंने कहा कि समय पर टोकन न मिलने से धान न तो बिक पा रहा है, न ही परिवार की आर्थिक स्थिति सुधर पा रही है।

एक अन्य किसान ने भावुक होकर बताया कि उनके घर में जल्द ही शादी है और तैयारियों के लिए उन्हें पैसों की जरूरत है, लेकिन जेब बिल्कुल खाली है। धान बेचकर ही वे आवश्यक सामग्री खरीदना चाहते थे, लेकिन टोकन न मिलने के कारण धान की बिक्री अटक गई है, जिससे पूरा परिवार गहरी चिंता में है।

किसानों का कहना है कि सरकार ने धान खरीदी के लिए बेहतर व्यवस्था का दावा तो किया था, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति बिल्कुल उलट है। टोकन सिस्टम की धीमी गति और तकनीकी गड़बड़ियों के कारण किसान रोजाना सोसाइटी के चक्कर काटने को मजबूर हैं। कई किसानों ने यह भी बताया कि सुबह-शाम लाइन में खड़े रहने के बावजूद उन्हें सिर्फ आश्वासन मिल रहा है।

कुल मिलाकर पाटन क्षेत्र में टोकन समस्या किसानों की आर्थिक नींव को हिला कर रख दी है। किसान मांग कर रहे हैं कि जल्द से जल्द टोकन वितरण की प्रक्रिया दुरुस्त की जाए, ताकि वे अपना धान बेचकर राहत महसूस कर सकें। अंचल के किसान गोपाल देवांगन ,बीरेंद्र वर्मा ,भूपेंद्र कश्यप ,कमल किशोर वर्मा , सरजू साहू ,युवराज साहू, डोमन भारती , मोती बघेल ,मनोज कुर्रे , हेमंत देवांगन ,नीरज देवांगन , बीरेंद्र कौशिक और लीलाधर वर्मा ने राहत दिलाने की मांग की है।



### किसानों को गुमराह कर रही राज्य सरकार:दुबे

इधर नगर पंचायत पाटन के नेता प्रतिपक्ष आभास दुबे ने भी सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि वर्तमान बीजेपी सरकार किसानों को गुमराह कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि टोकन व्यवस्था में भारी अव्यवस्था है और किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। दुबे ने चेतावनी दी कि यदि धान खरीदी की लिमिट नहीं बढ़ाई गई और हर किसान का टोकन समय पर जारी नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

# त्रुटि पूर्ण वरिष्ठता सूची में सुधार और रिक्त पदो में वृद्धि करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶|उतई

नवीन शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश सचिव गिरीश साहू के नेतृत्व में सयुंक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग से मिला। इस दौरान उन्हें मांग पत्र सौंपकर पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक पद मे पदोन्नति के लिये जारी कार्यालय द्वारा सूची मे व्यापक त्रुटि की ओर ध्यानाकर्षण कराया गया।

संघ की ओर से बताया गया कि कार्यालय द्वारा सूची के अवलोकन करने पर कई वरिष्ठ शिक्षक एलबी वरिष्ठता क्रमांक में काफ़ी नीचे हो गए हैं। जैसे शिक्षाकर्मी3 पर एक साथ भर्ती आदेश/दिनांक, शिक्षाकर्मी 2 पर एक साथ पदोन्नति आदेश /दिनांक व संविलियन भी समान होने के बाद भी वरिष्ठता सूची जन्मतिथि के अनुसार प्रकाशित नही की गई है। शासन ने पूर्व मे ही आदेश जारी कर निर्देश दिया है कि एक ही दिन भर्ती, एक ही दिन पदोन्नति होने पर जन्मतिथि के अनुसार वरिष्ठता सूची बनाया जाए लेकिन कार्यालय सयुंक्त संचालक द्वारा जारी वरिष्ठता सूची मे इस नियम का पालन नही होने से सैकड़ो वरिष्ठ शिक्षकों को वरिष्ठता सूची मे बहुत ही नीचे मे दर्शाया गया है। जिससे प्रधान पाठक पदोन्नति से वंचित होना पड़ रहा है। साथ ही अभी वर्तमान मे कुछ दिनों पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठको का प्रचार्य के पद पर पदोन्नति होने से माध्यमिक शाला प्रधान पाठक का पद रिक्त हो गया है।

संगठन की ओर से मांग की गई है कि पूर्व मे कार्यालय सयुंक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग द्वारा जारी रिक्त पदों में वृद्धि किया जाय। जिससे कई शिक्षक एलबी संवर्ग को पदोन्नति का अवसर मिल सके नवीन शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ ने वरिष्ठता सूची मे सुधार एवं प्रधान पाठक माध्यमिक के रिक्त पदों मे वृद्धि की मांग को प्रमुखता से रखा है। प्रतिनिधिमंडल मे बिसेन सिंह राजपूत,अशोक कुमार साहू,प्रभु राम साहू, राजाराम साहू,नरोतम वर्मा,नंदकुमार मस्तके, अलमू दास महिलांगे,नरेश साहू,प्रदीप भुआल,नरेंद्र साहू,सहित बेमेतरा,बालोद,कबीरधाम, खैरागढ़, छुई खदान,दुर्ग जिला के शिक्षक उपस्थित थे।

# सामान्य सभा की बैठक में जनहित के मुद्दों को लेकर विपक्ष का हंगामा



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुम्हारी

शुक्रवार को नगर पालिका परिषद कुम्हारी में सामान्य सभा की बैठक हंगामेदार रही। सभा में नगर के विकास को लेकर प्रमुख चार प्रस्ताव पर चर्चा होनी थी। इस दौरान जैसे ही सदन में पहला प्रस्ताव पढ़ा गया तो विपक्ष के पार्षद यूजेन्द्र साहू ने वार्ड क्रमांक 13 में निजी भूखंड पर सड़क निर्माण को लेकर शासन प्रशासन से जवाब मांगा। इस मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर ने शासकीय भूमि होने के दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए इसके अवलोकन की बात कहीं एवं नियम के तहत सड़क निर्माण बताकर विपक्ष से आज के प्रमुख एजेंडों पर ही चर्चा करने को कहा। लेकिन विपक्ष के पार्षदों ने जनहित के मुद्दे एवं नगर के मूलभूत सुविधाओं में पालिका प्रशासन के उदासीन रवैये का आरोप लगाते हुए अध्यक्ष के आसंदी के समक्ष पहुंचें एवं सत्ता पक्ष के पार्षदों से तीखी नोकझोंक करते हुए बैठक का बहिष्कार कर दिया। पार्षद हंगामा करते हुए सदन से बाहर निकल गए। हालांकि मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा लाये गए चार प्रस्ताव पर सामान्य चर्चा के बाद ही अन्य मुद्दों पर चर्चा के लिए लगातार पार्षदों को कहते दिखे । अंत में बहुमत से पक्ष द्वारा सर्व सम्मति से प्रमुख चारों एजेंडों को पारित कर लिया गया।

इस मामले में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा का कहना है कि नगर की समस्याओं और बुनियादी आवश्यकताओं पर चर्चा करने के लिए हम हमेशा तैयार है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के उठाए मुद्दे पर अंत में चर्चा होनी थी लेकिन विपक्षियों ने हंगामा कर दिया। पार्षद वार्ड क्रमांक 16 यूजेन्द्र साहू का कहना है कि जनता से जुड़े मुद्दों पर पर आज भी हमने चर्चा का प्रयास किया लेकिन हमारी बाते नही सुनी गई।



# वार्षिक खेलकूद में उत्साहजनक भागीदारी रही विद्यार्थियों की

हरिभूमि न्यूज ▶▶|अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अण्डा में दो दिवसीय वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता 2025–26 का शुभारंभ शुक्रवार को उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ। मुख्य अतिथि विजय अग्रवाल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, दुर्ग तथा विशिष्ट अतिथि राजन कुमार दुबे चेयरमैन शैलदेवी एजुकेशन सोसायटी, भिलाई ने गरिमामय उपस्थित प्रदान की। मुख्य अतिथि अग्रवाल ने कहा कि जिस कार्य से खुशी मिले वही कार्य करें परंतु लक्ष्य अपनी क्षमता अनुसार ही तय करें। विद्यार्थियों ने भव्य परेड के माध्यम से मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया, जिसके बाद योग एवं दर्शन संकाय के विद्यार्थियों ने शिव–धुन पर आकर्षक योगासनों की प्रस्तुति दी तत्पश्चात सभी संकायों के विद्यार्थियों द्वारा एसडीएम प्रस्तुति तथा शिक्षा संकाय द्वारा भूले–बिसरे पारंपरिक छत्तीसगढ़ी खेलों को नृत्य के माध्यम से पुनर्जीवित करती अद्भुत प्रस्तुति दी गई। जुंबा प्रस्तुति ने भी कार्यक्रम को विशेष उत्साहपूर्ण बना दिया। आज के खेल आयोजन का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा संयुक्त रूप से वॉलीबॉल टॉस कराकर किया गया।

प्रथम दिवस में कबड्डी, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, गोला फेंक, स्लो साइकिल, गोली–चम्मच, सुई–धागा, फुगड़ी दौड़ एवं टीटंगी दौड़ जैसी विविध रोचक स्पर्धाएँ आयोजित हुईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विशिष्ट अतिथि ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। 13 दिसंबर को विभिन्न खेलों के फाइनल मुकाबले एवं पुरस्कार वितरण समारोह होगा।

### लर्निंग लाइसेंस शिविर आज तक

**निकुम**। दुर्ग यातायात पुलिस शाखा के माध्यम से अंडा थाना परिसर में दो दिवसीय लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन शुक्रवार से किया जा रहा है। सुबह 10 बजे से शुरू इस शिविर में लाइसेंस बनवाने वालों को आधार कार्ड,फोटो पासपोर्ट मार्कशीट या पैन कार्ड लेकर आना होगा। 13 दिसंबर तक चलने वाले शिविर के संबंध में थाना प्रभारी अंडा डॉ. भानु प्रताप साव ने बताया कि इसके पूर्व तकरीबन 400 हितग्राहियों ने शिविर में लाइसेंस के लिए आवेदन किये है ।







न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा, तहसील अहिवारा, जिला दुर्ग

// उद्घोषणा //

रा.प्र.क्र./ 202508104300249 /अ-6अ/ वर्ष 2025 2026

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरमीत सिंह पिता दर्शन सिंह, निवासी-सेक्टर 01, उदया सोसायटी टाटीबंध रायपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम-लहंगा, प.ह.नं. 12, तहसील अहिवारा, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 539 रकबा 0.700 भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 27.09.2002 के माध्यम से क्रय किया गया है। जो नामांतरण पश्चात रकबा 0.700 हे. के स्थान पर रकबा 0.049 हे. दर्ज हो गया है। जो त्रुटिपूर्ण है। जिसे वर्तमान राजस्व अभिलेख में सुधार कर खसरा नं. 539 का रकबा 0.700 हे. भूमि किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ ऋण पुस्तिका, विक्रय पत्र, बी 1, खसरा, की नकल की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया है। अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 26.12.2025 तक पेश कर सकते है नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । आज दिनांक 10.12.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

जारी दिनांक-10.12.2025
पेशी दिनांक-26.12.2025

मुहर

नायब तहसीलदार अहिवारा



न्यायालय आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, श्रम न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)

प्रकरण कमांक 53/ई.सी.एक्ट/2025 (विविध)
पेशी तिथि : 20/01/2026
श्रीमती रामेश्वरी बाई व अन्य विरूद्ध सूरज साहू व अन्य

सूचना-पत्र

सर्व संबंधित पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि श्रमिक/कर्मचारी देवेन्द्र कुमार साहू/आत्मज स्व. नजक राम साहू का दिनांक 29.11.2024 को नियोजक के नियोजन में हुई मृत्यु का क्षतिधन राशि 12,30,000/– नियोजक / बीमा कंपनी ने जमा किया है।

उक्त मृतक का कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम के तहत जो अपने आपको आश्रित व क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने का अधिकारी समझते हों, वे इस न्यायालय में पेशी तिथि 20.01.2026 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होकर आवेदन, अभिप्रमाणित फोटो, बैंक पास मूल एवं फोटो प्रति, दो स्वतंत्र साक्षी तथा अन्य दस्तावेज प्रमाण के साथ उपस्थित होवे। जमा राशि आबंटन में यदि कोई आपत्ति हो तो वे आपत्ति पेश करें। आपति पेश ना होने की स्थिति में जमा राशि भुगतान बाबत् अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 11/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

यशवंत कुमार सारथी
COMMISSIONER
FOR, EMPLOYEES COMPENSATION ACT
LABOUR COURT, DURG (C.G.)


## इंजीनियरों की लापरवाही और गुणवत्ताहीन निर्माण उजागर

# करोड़ों की लागत से बनी पाटन–पाहंदा सड़क दम तोड़ने लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

पाटन से मटिया–बोरीद होकर पाहंदा को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क, जिस पर करीब 23–24 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ीकरण व निर्माण कार्य किया गया था, आज कुछ ही वर्षों में पूरी तरह बदहाली की कगार पर पहुँच चुकी है। करोड़ों की लागत के बाद भी सड़क की यह हालत सवाल खड़े करती है कि निर्माण के दौरान इंजीनियरों ने गुणवत्ता की जाँच आखिर कैसे और क्यों की थी निर्माण के तुरंत बाद ही सड़क पर जगह–जगह दरारें, और गड्ढे दिखाई देने लगे थे। इससे स्पष्ट होता है कि सड़क निर्माण के समय गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया गया, और विभागीय इंजीनियरों व कर्मचारियों द्वारा केवल औपचारिक जांच कर ली गई। स्थिति यह है कि तब से अब तक लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर और ठेकेदार लगातार लीपा–पोती करते ही नजर आते हैं। जहाँ भी सड़क टूटती है, वहां अस्थायी रूप से मिट्टी या कोलतार डालकर मरम्मत कर दी जाती है। इस तरह की बार–बार की मरम्मत यह स्पष्ट करती है कि:निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता वाले सामग्री का उपयोग नहीं हुआ. इंजीनियरों ने कंस्ट्रक्शन सुपरविजन की जिम्मेदारी ठीक से निभाई नहीं जिससे कुछ वर्षो बाद ही निर्माण के दौरान की गई लापरवाही कुछ ही सालों में उजागर हो गई किसानों और राहगीरों को आने वाली दिनों मे हो सकती है भारी परेशानी. यह सड़क किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है ज़ब इस मार्ग मे चलना तक कठिन हुआ करता तब लोगो किसानो क़ी समस्या से निर्माण कार्य क़ी सौगात मिली थीं। सड़क चौडीकरण एवं निर्माण कार्य से बरसात के दिनों में खेतों तक पहुँचना आसान हुआ था और खाद–बीज ढोने में काफी सुविधा मिलती थी।लेकिन आज उसी सड़क पर बड़े–बड़े गड्ढों और दरारों पड़ गई है. करोड़ों की लागत पर सवाल जवाबदेही कौन लेगा? किसानो का कहना है कि यदि विभागीय इंजीनियरों ने निर्माण के समय सही गुणवत्ता परीक्षण किए होते, तो इतनी जल्दी सड़क खराब नहीं होती। स्थानीय लोग यह भी सवाल पूछ रहे हैं कि करोड़ों रुपये के निर्माण में इतनी खामियाँ कैसे रह गईं? निर्माण एजेंसी और विभागीय इंजीनियरों पर कार्रवाई क्यों नहीं होती है।



> काली मिट्टी के कारण सड़क धंस जाती है अभी काम कराए हैं। सड़क में दरार की भी मरम्मत कराई जाएगी
>
> - सोनल डालेन्द्र
> पीडब्लूडी अधिकारी पाटन




# बीएसपी की नेहरू आर्ट गैलरी 58 साल से दे रही कला का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र की प्रसिद्ध नेहरु आर्ट गैलरी में पिछले 58 साल के दौरान 2 हजार से अधिक कला प्रदर्शनियां लग चुकी हैं। सुपर बाजार से लेकर गैलरी तक की कहानी रोचक है। इस दौरान यहां पेंटिंग्स, मूर्ति, काष्ठ कला और फोटोग्राफी आदि की प्रदर्शनियां आकर्षण का केंद्र रही हैं। गैलरी ने कलाकारों को नई पहचान दी।

इस जियोडेसिक डोम गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या 25 जनवरी, 1967 को तत्कालीन उप मंत्री विद्याचरण शुक्ल ने यहां सुपर बाजार की शुरुआत की थी। छ साल बद सुपर यहां बाजार का भवन नया बना और यह डोम भिलाई महिला समाज को सौंप दिया गया। 1986 में यहाँ 'रुचिरा रेस्त्रां का संचालन हुआ बाद पब्लिक लाइब्रेरी भी खोली गई। इसके बाद 1998 पं. जवाहरलाल नेहरू की जन्म शताब्दी पर जनसंपर्क विभाग, नगर प्रशासन और सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रयासों से नेहरू आर्ट गैलरी"। 14 नवंबर 1988 को स्वप्नद्रष्टा नेहरू प्रदर्शनी के साथ इसका उद्घाटन तत्कालीन महाप्रबंधक एके दत्ता द्वारा किया गया। जनसंपर्क विभाग व नगर सेवा विभाग, विद्युत विभाग, उद्यानिकी और जनस्वास्थ्य विभाग के सहयोग से नियमित चला रहा है।

## डोम से लेकर गैलरी तक का रोचक सफर




### तुम बापू के लाल जवाहर प्रदर्शनी थी यादगार

नेहरु आर्ट गैलरी में अब तक दो हजार से भी अधिक प्रदर्शनियाँ आयोजित हो चुकी हैं। चित्रकला, कार्टून, मूर्तिकला, काष्ठ कला, फोटोग्राफी, मॉडल्स, डाक टिकट, सिक्कों की दुर्लभ प्रदर्शनी लग चुकी है। प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट आरके लक्ष्मण की प्रदर्शनी, सोवियत ग्राफिक्स, दक्षिण मध्य सांस्कृतिक केंद्र नागपुर और मध्यप्रदेश कला परिषद भोपाल की प्रस्तुतियां। इस कला मंदिर में आदिवासी कला आधारित चिन्हारी महात्मा गांधी की 125वीं जयंती पर "तुम बापू के लाल जवाहर", तथा सेल स्तरीय पेंटिंग्स प्रदर्शनी जिसका उद्घाटन प्रसिद्ध कलाकार जतिन दास ने किया। अंचल के प्रतिभाशाली बच्चों और नए कलाकारों को प्रशिक्षित करने के लिए यहाँ समय–समय पर कार्यशालाएँ आयोजित होती रही हैं, जिनमें उज्जैन के श्री आर.सी. भावसार जैसे ख्यातिलब्ध कलाकार भी शामिल हुए— यह बताता है कि यह स्थान केवल प्रदर्शनी स्थल नहीं, बल्कि सीख और सृजन का जीवंत केंद्र है। यहाँ कला और कलाकारों को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक महीने 2 प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाता है, जो शहरवासियों के लिए निशुल्क है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने फरार 66 वारंटियों को पकड़ा

**भिलाई।** वारंटियों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई किया है। इस दौरान अलग-अलग थानों से कुल 66 वारंटियों को पकड़ा गया। इसमें स्थायी और गिरफ्तारी वारंट वाले अपराधी शामिल हैं। सभी को फिंगर प्रिंट प्रक्रिया के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि वारंटियों में अदालती मामलों में बार-बार गैरमौजूद रहने वाले 26 स्थायी वारंटी और आपराधिक मामलों से जुड़े 40 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं। अभियान की सफलता के बाद, पुलिस अब फरार वारंटियों की डिजिटल निगरानी प्रणाली को और मजबूत करने की योजना बना रही है। इसका उद्देश्य वारंट जारी होते ही उनकी लोकेशन को तुरंत ट्रैक कर कार्रवाई करना है। दुर्ग थाना से 4, पुरानी भिलाई, जामुल, स्मृति नगर, नंदिनी से 3-3; सुपेला, भिलाई नगर, भिलाई भट्टी से 2-2; कुम्हारी, वैशाली नगर, मोहन नगर, अमलेश्वर से 1-1 वारंटी मिले। इसके अलावा नेवई से 6, छावनी, सुपेला से 5-5, दुर्ग 4, मोहन नगर 3, खुर्सीपार, वैशाली नगर, स्मृति नगर, भिलाई भट्टी, रानीतराई, अमलेश्वर, अंडा से 2-2; भिलाई नगर, पुलगांव, मचानदूर से 1-1 वारंटी है।

### निगम ने दी अनुकंपा नियुक्ति

**भिलाई।** शासन के निर्देशानुसार नियमित कर्मचारी के आकस्मिक मृत्यु होने पश्चात उनके परिवार के एक सदस्य को नियमानुसार अनुकंपा नियुक्ति देने का प्रावधान है। नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने नियमित कर्मचारी कौशल के मृत्यु पश्चात उनके परिवार के बिरेन्द्र कुमार को अनुकंपा नियुक्ति आदेश जारी करते हुए संपत्तिकर विभाग में भृत्य के पद पर पदस्थापना दी।

### नगर राजभाषा भिलाई-दुर्ग को मिला पुरस्कार

**भिलाई।** सदस्य संस्थानों द्वारा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग तथा राजभाषा नीति के सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन के लिए गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, (मध्य) भोपाल द्वारा 'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग' को वर्ष 2024-25 के लिए 'नराकास राजभाषा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

नराकास, भिलाई-दुर्ग को पूर्व में भी राष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त होते रहे हैं। प्राप्त प्रतिष्ठापूर्ण पुरस्कारों में उल्लेखनीय हैं, वर्ष 2015 में राष्ट्रीय स्तर को कीर्ति पुरस्कार प्रथम तथा वर्ष 2016 में कीर्ति पुरस्कार द्वितीय। इनके अलावा मध्य क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार नराकास राजभाषा सम्मान प्रथम स्थान 2013-14, 2014-15 और 2015-16 में लगातार तीन वर्ष। पुनः वर्ष 2017-18 के लिए प्रथम स्थान वर्ष 2018-19 के लिए तृतीय स्थान और वर्ष 2023-24 के लिए बीएसपी के ईडी पवन कुमार ने बधाई दी है। महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी और महाप्रबंधक भिलाई इस्पात संयंत्र तथा सचिव, नराकास, भिलाई-दुर्ग राजीव कुमार ने इस पुरस्कार का श्रेय सदस्य संस्थानों के रचनात्मक सहयोग, अनवरत प्रयासों एवं राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को निरंतर प्रोत्साहन को दिया है।

## भिलाई इस्पात संयंत्र में नहीं थम रहा दुघर्टनाओं का सिलसिला

# बीएसपी के पीबीएस-2 में लगी आग, जले केबल और उपकरण, उत्पादन भी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

### ब्लास्ट फर्नेस के पास गैस पाइपलाइन लिकेज



भिलाई इस्पात संयंत्र में दुर्घटनाओं का सिलसिल थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को ठेका मजदूर के घायल होने के बाद शुक्रवार को फिर ब्लास्ट फर्नेस के निकट गैस पाइप लाइन में भीषण आग लग गई। इस से ब्लास्ट फर्नेस में उत्पादन ठप हो गया।। लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई है।

दोपहर करीब 12 बजे बीएसपी के पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन पीबीएस -2 में उस समय कर्मियों में दहशत और अफरा तफरी मच गई जब यहां पाइप लाइन में अचानक आग लग गई। पीबीएस 2 से ब्लास्ट फर्नेस 8 को गर्म हव प्रेशर के साथ दी जाती है, जिससे हांट मेटल उत्पादन का प्रक्रिया पूरी होती है। दौ सौ डिग्री तापमान में आने वाली हवा को 1000 डिग्री करने के बाद ब्लास्ट फर्नेस में डाला जाता है। फिर इसे आक्सीजन के रुप में उपयोग किया जाता है। पाइप लाइन में अचानक आग लगने से ब्लास्ट फर्नेस के अंदर हवा में जो हांट मेटल थे व नीचे आ गए। आग से कोक ओवन की गैस लाइन की केबल और उपकरण जल गए। वहीं फर्नेस मे हांट मेटल का उत्पादन ठप हो गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल टीम ने आग बुझाने का काम शुरु किया। ईएमडी की टीम मेंटेनेंस कार्य में जुट गई है। अल सुबह तक मेंटनेंस कार्य पूर्ण होने के बाद उत्पादन बहाल होने के आसार हैं। प्रबंधन ने वैकल्पिक व्यवस्था से जल्द उत्पादन बहाल करने की तैयारी के साथ घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

### बीएसपी में पैकिंग ब्लास्ट प्रबंधन के खिलाफ जुर्म दर्ज

भिलाई। बीएसपी के भीतर पैकिंग ब्लास्ट मामले में पुलिस ने प्रबंधन के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। भट्ठी पुलिस ने बताया कि बीएसपी के कोको ओवन सीसीडी- 3 बैटरी 11 के पास अमोनिया एक्सीस लीकर पंप के वाल्व को खोलते समय डिस्चार्ज लाईन का पेकिंग ब्लास्ट हो गया। जिसमें गैस पाईप लाईन से ज्वलशील पदार्थ की चपेट में ग्राम डूमरडीह पोस्ट पतोरा उतई निवासी महेन्द्र कुमार चेलक के दोनों हाथ पेट दाहिने गाल जल गया है। बीएसपी प्रबंधन के द्वारा लापरवाही व उपेक्षापूर्ण कार्य कराने से घटना हुआ। संयंत्र ने सरकार इंटरप्राईजेस कंपनी में ठेका पीड़ित श्रमिक के रूप में पीड़ित पांच साल से काम कर रहा है। पीड़ित द्वितीय पाली डयूटी करने प्लांट के भीतर गया था। जहां कोको ओवन के सीसीडी 3 में बैटरी नं 11 के पास एक्जास्टर हाउस में अमोनिया एक्सीस लीकर पंप 2 सीमें काम कर रहा था। तभी अमोनिया एक्सीस लीकर पंप के वाल्व को खोल रहा था। वाल्व के डिस्चार्ज लाईन का पेकिंग ब्लास्ट हो गया। घटना में पीड़ित के दाहिने गाल में पडने से चमडी जल गया और फफोला पड गया घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया।

# निवेशकों को फायदे का झांसा देकर ठगी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ निवेशको से 49 .50 लाख रुपए ठगा

एमसीएक्स में तीन से 7 प्रतिशत लाभ का झांसा देकर ठगी करने वाले को पुलिस ने उड़िसा से गिरफ्तार किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि नेवई थाना क्षेत्र की घटना है, जिसमें संबलपुर के भानुपाली निवासी को गिरफ्तार कर लाया गया है। जिसे शुक्रवार को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड जेल भेज दिया गया है। आरोपी ने निवेशकों का भरोसा जीतने के लिए उन्होंने फर्जी बॉन्ड पेपर दिए और अलग-अलग बैंक खातों में पैसे जमा कराया था। कुछ समय बाद निवेशको को लाभ नहीं मिला, पुलिस में शिकायत किया। पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों की खोजबीन की गई। पुलिस ने पहले आरोपी को 25 सितंबर 2025 को प्रकाश चंद्र पाढी को उड़िसा से पकड़ लाई थी। दूसरा आरोपी संतोष कुमार आचार्य फरार था। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी संतोष पहले से ही अन्य मामले में संबलपुर की सर्किल जेल में बंद था। उसे दुर्ग पुलिस ने न्यायालय की अनुमति ली और एक टीम ओडिशा भेजी। आरोपियों ने निवेशकों से 49.50 लाख रुपए का ठगी किया है। संतोष आचार्य को विधिवत गिरफ्तारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दुर्ग लाया गया। आरोपियों के बैंक ट्रांजेक्शन, फर्जी दस्तावेजों तथा संदेहास्पद लेन-देन की जांच जारी है।

### कॉलेज में मचाया उत्पात, दो पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** कल्याण कॉलेज सेक्टर 7 में हंगामा कर उत्पात मचाने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि स्मृति नगर निवासी हरदीप पात्रे ,शंकरपारा सुपेला दीपक पाल उर्फ दीपू को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों द्वारा प्राचार्य कक्ष में परीक्षा का फॉर्म परीक्षण और हस्ताक्षर का कार्य चल रहा था। तभी कालेज के पूर्व छात्र आकाश कनौजिया, दीपक पाल, आनंद यदु, नितेश गुप्ता, आशीष कालो, भौमित पटेल, अंशुल शर्मा समेत अन्य छात्र एकराय होकर नारेबाजी करते हुए कालेज में प्रवेश किया था। प्राचार्य के टेबल के काँच को तोड़ दिया और टेबल पर रखें शासकीय दस्तावेज को उठाकर फेंक दिया था। शासकीय कार्य में भी बाधा पहुंचाया था। पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा है। अन्य आरोपी पुलिस गिरफ्तार से बाहर है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

# अंडरब्रिज में फिसलन से कई वाहन चालक हो रहे चोटिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ अब तक कई लोग हो चुके हैं फिसलकर घायल

सुपेला अंडरब्रिज में फिसलन के कारण कई वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। सूचना मिलते ही नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल आयुक्त से संपर्क कर सहायता उपलब्ध कराने आग्रह किया। उन्होंने मौके से वीडियो भी बनाया, जिसे सोशल मीडिया में पोस्ट किया। इसके वायरल होते ही निगम प्रशासन में हड़कंप मच गया। निगम की टीम मौके पर पहुंची।

भोजराज सिन्हा ने बताया कि शुक्रवार सुबह विद्यारतन सेतु अंडरब्रिज सुपेला चौक से सेक्टर-2 मार्ग के मोड़ पर फिसलन के कारण लगभग आठ वाहन चालक अपनी चलती गाड़ी से फिसलकर गिर पड़े, जिससे उन्हें गंभीर तथा हल्की चोटें आईं। उन्होंने तुरंत निगम आयुक्त से संपर्क किया। निगम प्रशासन के सहयोग से तत्काल सफाई एवं फिसलन हटाने का कार्य शुरू किया गया। साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल लोगों को सहायता उपलब्ध कराई और ट्रैफिक को नियंत्रित किया। सिन्हा ने बताया कि इस प्रकार की दुर्घटनाएं अत्यंत चिंताजनक हैं। संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया है कि सड़क पर फिसलन दूर की जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और इसके लिए स्थायी समाधान किया जाए।

# बीएसपी यूनियन मान्यता चुनाव : बीएकेएस ने खटखटाया न्याय के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी प्रबंधन द्वारा यूनियन चुनाव नही कराने पर विवश होकर बीएकेएस ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में मुकदमा दायर किया है। मुकदमे कि फाइलिंग तथा लिस्टिंग हो गई है। इसकी सुनवाई जल्द शुरु होगी।

भारतीय मजदूर संघ समर्थित भिलाई इस्पात मजदूर संघ का पिछला कार्यकाल 25 अगस्त को समाप्त हो गया है। इसके बाद भिलाई इस्पात संयंत्र में कोई भी यूनियन रिकॉगनाइज्ड नही है। इसके कारण सेल प्रबंधन से एनजेसीएस स्तर तथा बीएसपी प्रबंधन स्तर पर कर्मचारियों के मुद्दे पर वार्ता करने के लिए प्रतिनिधि यूनियन नही है। इसका फायदा प्रबंधन उठा रही है। बीएकेएस के अध्यक्ष अमर सिंह ने बताया कि चुनाव नहीं होने से कर्मचारियों के कई मुद्दे लंबित पड़े हैं। इसके तहतवेज रीविजन एमओयू नही होना, पर्क्स तथा फिटमेंट एरियर्स, इंसेंटिव फॉर्मुले में संशोधन, छुट्टियों की संख्या में वृद्धि स्थानीय स्तर पर कमेटी /काउंसिल का गठन, बोनस फॉर्मुला में संशोधन, नन स्टैचुअरी लाभो को संशोधित करवाना।एनजेसीएस में सिर्फ निर्वाचित नेताओं को सदस्य बनाना आदि कर्मियों को मुद्दे लंबित हैं।

### यूनियन चुनाव के नियम

फुड कारपोरेशन निगम के मामले मे सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला दिया था कि अगर एक यूनिट में एक से अधिक ट्रेड यूनियन सक्रिय हैं तो प्रतिनिधि यूनियन का निर्णय हमेशा सेक्रेट बैलेट इलेक्शन के माध्यम से होगा। उसी के आधार पर सेल के भिलाई , राउरकेला, सलेम इस्पात संयंत्र मे चुनाव होते आया है तथा बर्नपुर इस्पात संयंत्र में चुनाव कराने के लिए कोलकात्ता उच्च न्यायालय ने आदेश जारी किया है। बीएसपी प्रबंधन ने एक बार सभी यूनियनों से सहमती पत्र मांगा था। बीएकेएस ने भी सहमति पत्र दिया था। बीएकेएस ने सेक्रेट बैलेट इलेक्शन के तहत यूनियन चुनाव कराने के लिए कई बार सीएलसी, डीएलसी रायपुर तथा निदेशक प्रभारी बीएसपी को पहले पत्र लिखा था , लेकिन सकारात्मक पहल नही होते देखकर न्यायालय में मुकदमा डालने के लिए बाध्य हुआ।

### आईडी एक्ट का हो पालन

प्रबंधन के साथ साँठ गाँठ कर यूनियन राजनीति करने का दौर समाप्त हो गया है। पढ़े लिखे कर्मियों का नेतृत्व उनके बीच के ही कर्मचारी करेंगे।आईडी एक्ट 1947 तथा औद्योगिक श्रम संहिता 2020 का पूर्णतः अनुपालन कराना ही बीएकेएस का लक्ष्य है। इसके तहत श्रम सरकार का गठन विभिन्न कमेटी काउंसिल के माध्यम से करवाया जायेगा।

**अमर सिंह,** अध्यक्ष बीएकेएस

### सात जुआरियों से 91 हजार जब्त



**भिलाई।** जुआ खेल रहे सात जुआरियों से 91 हजार 500 रुपए पुलिस ने जब्त किया है। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम सुरडुंग नाला के पास जुआ खेलने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने घेराबंदी कर दबिश दिया जहां से महामाया वार्ड ग्राम सुरडुंग निवासी शेखर देवांगन, कैलाश नगर रामा बघेल, मिलन चौक सुरडुंग संतोष शुक्ला, इंदिरा नगर सुपेला जितेन्द्र साहनी, जेवरा सिरसा मुरली साहू, हाउसिंग बोर्ड चरोदा राजेश साहू, शिव मंदिर जामुल सत्यम साहू को पकड़ा गया है। जुआरियों के पास से ताश पत्ति भी जब्त किया गया।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## बंद मिले वाटर एटीएम, पेवर ब्लाक भी अव्यवस्थित पाया

# आयुक्त ने उद्यानों, वाटर एटीएम और सफाई का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई जोन-5 अंतर्गत उद्यान, वाटर एटीएम, पेवर ब्लाक सहित डोम शेड का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे द्वारा सेक्टर 04 सड़क 36 स्थित उद्यान एवं मा कर्मा उद्यान का निरीक्षण किया गया। उद्यानों की साफ-सफाई व्यवस्थित पाया गया एवं आवश्यक संधारण संबंधी कार्य हेतु उप अभियंता शंकर सुमन मरकार को निर्देशित किये है। असमाजिक तत्वों द्वारा उद्यान के गेट की चोरी कर लिया गया है। संबंधित के खिलाफ थाने में प्राथमिकी सूचना दर्ज कराने जोन आयुक्त एवं उपस्थित अभियंताओं को निर्देशित किये है। सड़क 26 स्थित उद्यान में असमाजिक तत्वों द्वारा रात्रि में आकर नशा किया जाता है, स्थानीय निवासियों द्वारा आयुक्त को समस्या से अवगत कराया गया। निगम आयुक्त द्वारा आगामी समय में सार्वजनिक स्थलों एवं उद्यानों में नशा करते पाये जाने पर अज्ञात के खिलाफ कार्यवाही करने पुलिस हेल्प लाईन नंबर 100 या 112 पर शिकायत दर्ज करा सकते है। सेक्टर 4 के सड़क किनारे स्थानीय नागरिक द्वारा कचरा जलाया जा रहा था, जिसे तत्काल बुझाने कहा गया और समझाइस दिया गया है। आयुक्त द्वारा शहर में कचरा जलाने एवं फैलाने वाले के खिलाफ बड़ी चालानी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।



### वाटर एटीएम भी मिला बंद

आयुक्त द्वारा एस.एन.जी. स्कूल के पास विधायक निधि मद अंतर्गत 4 लाख की लागत राशि से वाटर एटीएम लगाया गया है, जिसका अवलोकन किये। वाटर एटीएम वर्तमान में बंद पाया गया, जिसे चालू कराने निर्देशित किया गया। सेक्टर 4 पोस्ट आफिस के पास विधायक निधि मद अंतर्गत 7 लाख की लागत राशि से वाटर एटीएम का अवलोकन किया गया। मशीन संचालन के संबंध में सिक्का डालकर चेक किया गया और पानी के स्वाद का जांच किया गया, जो सही पाया गया। सड़क 26 में स्थानीय नागरिक द्वारा अवैध निर्माण कर खटाल संचालित किया जा रहा है। जिसे पूर्व में बीएसपी प्रबंधन द्वारा हटा दिया गया था। वर्तमान में फिर से खटाल संचालन किया जा रहा है, खटाल संचालक को स्वयं से अवैध निर्माण हटाने कहा गया है, नहीं हटाने की स्थिति में कार्यवाही की जावेगी।

### पेवर ब्लॉक को व्यवस्थित करने कहा

सेक्टर 4 ए मार्केट में पूर्व से पेवर ब्लाक लगाया गया, जिसका अवलोकन करते हुए पेवर ब्लाक को व्यवस्थित कराने निर्देशित किये है। साथ ही मार्केट के नालियों की साफ-सफाई हेतु बीएसपी से पत्राचार करने कहा गया है। सेक्टर 4 में दो स्थलों में पूर्व से डोम शेड स्वीकृत है, पूर्व से निर्मित छोटे डोम शेड को व्यवस्थित करने कहा गया है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता श्वेता महेश्वर, सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे, स्वच्छता निरीक्षक सूर्या सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
25 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 13 दिसंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

**नववर्ष में पर्यटक स्थलों में बढ़ेगी सैलानी की धमक**



## लाइव इवेंट

### विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 14 दिसम्बर को, शेड्यूल हुआ जारी



**दुर्ग।** सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन 6 अक्टूबर से चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देशन में खेल गतिविधियों को सुव्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए कार्यपालन अभियंता सुश्री विनीता वर्मा को नोडल अधिकारी तथा आरके जैन को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नगर निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड एवं कलस्टर स्तर की सभी प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुकी हैं वार्ड एवं कलस्टर स्तर के विजेता प्रतिभागी अब विधानसभास्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। अब अगला चरण विधानसभा स्तर की प्रतियोगिताएं 14 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा। इस स्तर पर पारंपरिक एवं आधुनिक दोनों प्रकार के खेल शामिल किए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक युवाओं और प्रतिभागियों को अवसर मिल सके।इन प्रतियोगिताओं में व्यक्तिगत खेलों एथलेटिक्स 100 व 400 मीटर, गेड़ी, योगासन, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, फुगड़ी, सुरिली कुर्सी तथा सामूहिक खेलों वॉलीबॉल, खो-खो और कबड्डी को शामिल किया गया था। प्रतिभागियों को तीन आयु वर्गों में विभाजित किया गया था जिसमें 9 से 15 वर्ष, 15 से 30 वर्ष, 30 वर्ष से अधिक शामिल हैं। इसके साथ ही महिला, पुरुष और दिव्यांग वर्ग के खिलाड़ी भी सक्रिय रूप से भाग लिए थे। महोत्सव का उद्देश्य सभी वर्गों में खेल भावना को बढ़ावा देना और पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करना है।

#### तृतीय चरण में तीन स्थानों पर खेली जाएंगी स्पर्धाएं

महात्मा गांधी मैदान में वेटलिफ्टिंग एवं कुश्ती, सुराना कॉलेज मैदान में कबड्डी, खो-खो, फुगड़ी, सुरिली, कुर्सी, गेड़ी, योगासन एवं वॉलीबॉल और रविशंकर स्टेडियम में एथलेटिक्स 100 एवं 400 मीटर दौड़। आयुक्त ने बताया कि विजेता खिलाड़ियों को आगे लोकसभा स्तर पर प्रतिनिधित्व का अवसर मिलेगा। सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को 14 दिसम्बर की सुबह 10 बजे अपने-विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्धारित स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

**● उज्जैन, अयोध्या, द्वारिका, काशी, रामेश्वरम, पुरी जैसी धार्मिक यात्राएं लोगों की पहली पसंद**

# उम्मीदोंभरा 2026...नए साल के स्वागत के लिए होटलों में तैयारी शुरू, पर्यटक तलाश रहे जंगल, पहाड़ी और वॉटर फॉल वाले स्पॉट



**उम्मीद और विश्वास से भरा नूतन वर्ष 2026 शुक्रवार की मध्य रात्रि काफी उत्साह के साथ प्रवेश करेगा। घड़ी के सेकंड की सुई 31 दिसंबर दिन बुधवार को जैसी ही 12 के अंक को छुएगी, वैसे ही आतिशबाजी और सैलिब्रेशन का दौर शुरू हो जाएगा। सोशल मीडिया यानी व्हाट्सअप, इंस्टाग्राम और फेसबुक में नववर्ष के आगमन की शुभकामनाएं ट्रेंड करने लगेंगी। इसे लेकर ट्विनसिटी में भी तैयारी शुरू हो गई है। काउंटडाउन शुरू हो चुका है। भिलाई-दुर्ग के 50 से ज्यादा बड़े होटलों में सैलिब्रेशन की तैयारी चल रही है। नया और कुछ खास करने को लेकर प्लानिंग की जा रही है। इतना ही नहीं साल के पहले दिन धार्मिक यात्राएं भी प्लान हो रही हैं।**

**भिलाई।** नए साल में मुख्य रूप से उज्जैन, अयोध्या, द्वारिका, काशी, रामेश्वर, पुरी जैसी यात्रायों को लेकर सैलानी टूर प्लानर और ट्रैवलर्स के पास पहुंच रहे हैं। जानकारी के मुताबिक अब तक 10 हजार से ज्यादा लोग बुकिंग के लिए पहुंच चुके हैं। इसमें हील स्टेशन, जंगल, पहाड़ी, वॉटर फॉल देखने वालों की संख्या भी ज्यादा है। एक अनुमान के अनुसार दो साल से ज्यादा लोग नए साल के स्वागत में सैर-सपाटे के लिए जाने की तैयारी में हैं। हर साल की तरह इस साल भी लोगों ने पूरे उत्साह के साथ नववर्ष के स्वागत की तैयारी शुरू कर दी है। ठंड को देखते हुए लोगों ने प्लानिंग में कुछ फेरबदल भी किया है। उत्तर भारत के बजाए कुछ लोग साउथ की ओर यात्रा का मन बना रहे हैं। यूनाइटेड टूर एंड ट्रैवल के संचालक विकास ताम्रकार बताते हैं कि मुंबई, दिल्ली, हावड़ा, चेन्नई, हैदराबाद जैसे रूट की ट्रेनिंग के लिए अभी से नो-रूम की स्थिति बन रही है। लोग सिंगापुर, बैंकॉक, दुबई से लेकर अन्य जगहों पर विदेश यात्रा के लिए फ्लाईट की बुकिंग करा रहे हैं। ऑल हिंद ट्रैवल्स की संगीता कुमारी बताती हैं कि हमारे पास विदेश दौरे की बुकिंग ज्यादा है। प्रायः बुकिंग दुबई और सिंगापुर की है। इंडिया में नार्थ इस्ट, केरल, कर्नाटका की बुकिंग ज्यादा है। 29 दिसंबर से लेकर 5 जनवरी तक की बुकिंग है। छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा, चित्रकूट, कुटम्बरगुफा, बम्लेश्वरी मंदिर, रतनपुर महामाया, चिल्फी घाटी, मेनपार्ट, अंबिकापुर, विश्रामपुर, चिरमिरी, चैतुरगढ़ जैसे पर्यटन स्थलों पर भी लोग जाने की तैयारी में हैं। न्यू ईयर सैलिब्रेशन को लेकर लोकल लेवल पर भी तैयारी की जा रही है। होटलों में नए साल के स्वागत के लिए धूमधड़ाके के इंतजाम हैं। वहीं स्कूल-कॉलेज, संस्थाओं में भी नए साल के स्वागत को लेकर विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। नया साल इस बार कई मायनों में खास है। ज्योतिषाचार्यों की मानें तो नए साल सभी के लिए खुशहाली लेकर आने वाला है।



### हिंदू पंचांग के अनुसार नया साल 13 महीनों का, पड़ रहा अधिमास



हिंदू पंचांग के अनुसार आगामी वर्ष 2026 विशेष खगोलीय संयोग लेकर आ रहा है। हिंदू पंचांग गणना के मुताबिक यह वर्ष 13 महीनों का होगा, क्योंकि 2026 में अधिकमास पड़ रहा है। इस बार अधिकमास ज्येष्ठ माह में आने वाला है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार सिंहस्थ कुंभ से पहले मई का महीना बेहद फलदायक माना जा रहा है। हिंदू समय गणना पूरी तरह विक्रम संवत पर आधारित है और वर्तमान में विक्रम संवत 2082 चल रहा है। ज्योतिषाचार्य लाखेश्वर पांडेय का कहना है कि वर्ष 2026 में बन रहा यह संयोग अत्यंत दुर्लभ और शुभ है। पंचांग की गणना के अनुसार हर 2–3 वर्ष में एक अतिरिक्त महीना जुड़ता है, जिसे अधिकमास कहा जाता है। यह तब बनता है जब किसी पूरे चंद्र मास के दौरान सूर्य किसी भी राशि में प्रवेश नहीं करता। चंद्र मास और सौर मास की गति में अंतर को संतुलित करने के लिए ही यह अतिरिक्त महीना पंचांग में जुड़ता है। इसे अधिकमास, अध्याय मास या मलमास भी कहा जाता है। इस महीने में किए गए व्रत, जप, तप, दान-पुण्य और पूजा-पाठ का फल सामान्य दिनों की अपेक्षा कई गुना अधिक मिलता है। 2026 में जेष्ठ अधिकमास आने के कारण यह वर्ष आध्यात्मिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### ज्योतिषाचार्यों के अनुसार ऐसे बढ़ता है एक माह

ज्योतिषाचार्य और आदर्श नगर महामृत्युंजय मंदिर के पुजारी लाखेश्वर पांडेय ने बताया कि हिंदू माह ज्येष्ठ मई में आएगा, इसे पुरुषोत्तम एकादशी भी कहा जाता है। 2028 कुंभ से पहले आने के कारण अधिक प्रभावशाली होगा। अधिक मास की उत्पत्ति पंचांग की तिथियों के घटने और बढ़ने से होती है। घंटा, मिनट, कला, विकला के कुल जमा होने से बनने वाले समय, उस समय से दिन का निर्माण होता, दिन से सप्ताह का और सप्ताह से महीने का निर्माण होता है। ये सब तिथियों की गणना पर निर्भर करता है। इस गणना में अधिकांश तीन वर्ष में अधिकमास होता है। ज्येष्ठ का काल लगभग 58 से 59 दिनों तक होगा। इसे ही अधिकमास, मलमास या पुरुषोत्तम मास कहा जाता है। मई वैसे ही सबसे बड़ा माना जाता है। भगवान पुरुषोतम की साधना की जाती है। इसे विशेष धार्मिक कर्मों और पुण्य कार्यों के लिए अत्यंत शुभ माना गया है। अधिकमास में पूरे माह धर्म से संबधित मांगलिक कार्य (विवाह और गृह प्रवेश, मंडन आदि को छोड़कर), तीर्थ यात्रा, भागवत, भजन, पूजन, कीर्तन, ब्राह्मणों को दान एक माह तक पवित्र नदियों में स्नान किया जाता है। शिप्रा नदी में स्नान के बाद महाकालेश्वर मंदिर में पूजन अर्चना कर पितरों का तर्पण करने की भी परम्परा है।

## सिटी इवेंट

### मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधि सद्भावना यात्रा में गुजरात रवाना



**भिलाई।** परिवार के अंदर नई उमंग व उत्साह भरने, महिलाओं को घर परिवार के दैनिक दायित्वों से कुछ समय के लिए मुक्ति दिलाकर प्रकृति का आनंद लेने तथा अपने राज्य के अलावा दूसरे राज्य को जानने, वहां की संस्कृति परंपरा से रुबरु कराने के उद्देश्य से प्रति वर्ष मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज भिलाई द्वारा सद्भावना यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा का उद्देश्य सदस्यों में आपसी सद्भाव व भाईचारा में मजबूती प्रदान करना भी है। यह सद्भावना यात्रा एक दिवसीय, दो दिवसीय अथवा बहु दिवसीय होता है। इसके तहत अभी तक कई राज्यों तथा छत्तीसगढ़ के विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण सफलता पूर्वक किया जा चुका है। इस वर्ष की सद्भावना यात्रा गुजरात राज्य के लिए रवाना हुई, जिसमें भिलाई दुर्ग के 120 सदस्यों के द्वारा गुजरात राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों, गुजरात के विविध प्राकृतिक स्थलों, प्रमुख धार्मिक स्थलों का भ्रमण एवं दर्शन किया जाएगा।

इस दौरान वड़ोदरा से स्टेचू ऑफ यूनिटी, गांधीनगर अक्षरधाम मंदिर, अहमदाबाद में साबरमती आश्रम, जैन मंदिर, द्वारिका में द्वारिकाधीश मंदिर एवं अन्य, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओखा में भेंट द्वारिका, हरशेद माता, मूल द्वारिका, पोरबंदर, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, श्री कृष्ण निर्वाण स्थल, दीव किला बीच, सासनगिर राष्ट्रीय उद्यान, जूनागढ़ अम्बा माता मंदिर आदि का भ्रमण कर प्राकृतिक दृश्यों का आनंद उठाएंगे। गुजरात राज्य के लिए सद्भावना यात्रा में समाज के अध्यक्ष कोमल धुरंधर, उपाध्यक्ष आत्माराम नायक, सरजूराम वर्मा, पूर्व अध्यक्ष आईएस मनु, नारायण बर्छिहा, छम्मनलाल वर्मा, डाकेश्वर वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, सूर्यकांत नायक, लक्ष्मण प्रसाद वर्मा, भारत भूषण परगनिहा, पीलाराम वर्मा आदि शामिल हैं। यह जानकारी समाज के उपाध्यक्ष आत्माराम नायक ने दी।

### सिन्हा समाज का दो दिवसीय समारोह आज से

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा कलार समाज जनकल्याण समिति का दो दिवसीय पारिवारिक मिलन समारोह और युवक-युवती परिचय सम्मेलन का 13 और 14 दिसंबर को आयोजित है। कार्यक्रम में मंत्री गजेन्द्र यादव, भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव, प्रांताध्यक्ष युवराज सिन्हा मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम भिलाई विद्यालय मैदान सेक्टर-2 में होगा। अध्यक्ष सुमन सागर सिन्हा ने बताया कि पारिवारिक मिलन समारोह और युवक-युवती परिचय सम्मेलन का 50वां वर्ष होगा और इसे गोल्डन जुबली कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है। जिसमें प्रदेश के अलावा मध्यप्रदेश, महाराष्ट, एवं अन्य पड़ोसी राज्यों में निवासरत स्व जातीयगण शामिल होंगे। इन्ही बातों को ध्यान में रखते हुए दो दिवसीय कार्यक्रम की योजना बनाई गई है।

## विधायक ने स्वदेशी वस्तुओं को खरीदने और उपयोग करने लोगों को किया प्रेरित

- भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल ने लोगों से किया जनसंपर्क
- विधायक ललित चन्द्राकर और भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक पदयात्रा में हुए शामिल

**दुर्ग।** आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल स्तरीय पदयात्रा एवं घर-घर संपर्क अभियान उतई नगर पंचायत चलाया गया। नगर भ्रमण कर दुकानदारों को स्वदेशी निर्मित वस्तु बेचने, स्वयं उपयोग करने व आम जनता को स्वदेशी निर्मित वस्तुओं के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया।



दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है और इस लक्ष्य की प्राप्ति का मार्ग आत्मनिर्भर भारत से होकर गुजरता है। श्री चंद्राकर ने कहा कि 90 दिनों के इस अभियान के दौरान, भाजपा और उसके कार्यकर्ता देश भर के लोगों से संपर्क कर रहे। उन्हें स्वदेशी उत्पादों का समर्थन करने और उन्हें खरीदने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। आज उतई नगर पंचायत में घर-घर सम्पर्क कर आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने प्रेरित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी गिरेश साहू, गायत्री वर्मा, श्रद्धा साहू, शीतला ठाकुर, महामंत्री प्रवीण यदु, नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, उपाध्यक्ष शिव नारायण देशमुख, सोसायटी अध्यक्ष उतई फत्तेलाल वर्मा आदि मौजूद थे।

## एबीवीपी का अधिवेशन 19 से हो रहा शुरू केंद्रीय मंत्री गडकरी और अरुण होंगे शामिल

- 58वें अधिवेशन को लेकर पोस्टर का किया गया विमोचन

**भिलाई।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ का 58वां प्रदेश अधिवेशन आगामी 19, 20 एवं 21 दिसंबर को सेक्टर-6 सिविक सेंटर के कला मंदिर में भव्य रूप से आयोजित होने जा रहा है।

इस अधिवेशन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 550 से अधिक विद्यार्थी प्रतिनिधियों के उपस्थित होंगे। आयोजन में प्रमुख रूप से केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव शामिल होंगे। आयोजकों ने बताया कि अरुण साव ने अधिवेशन मे शामिल होने के लिए सहमति दे दी है, लेकिन गड़करी को लेकर अब भी संशय बरकरार है। इधर अधिवेशन के लोगो का विमोचन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री महेश साकेत एवं दुर्ग जिला संयोजक प्रवीण यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर 10 में हुआ वार्षिक खेल उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

# खेल और अध्ययन दोनों जीवन में हैं महत्वपूर्ण

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10 में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन विद्यालय के क्रीड़ा परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र की महाप्रबंधक राधिका एस श्रीनिवासन के मुख्य आतिथि थे। विशेष अतिथि महाप्रबंधक शिखा दुबे और उप महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद थे। अतिथियों ने ध्वजारोहण और रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर शुभारंभ किया।उन्होंने कहा कि खेलों से बुद्धिमत्ता, साहस और एकाग्रता का विकास होता है, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिखा दुबे ने कहा कि खेल और अध्ययन दोनों ही जीवन में समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। राजेन्द्र प्रसाद ने खेलों के माध्यम से अनुशासन, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व-विकास पर सकारात्मक प्रभाव को रेखांकित पर जोर दिया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विद्यालय की प्राचार्या सरकार ने वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा।



### मार्च पास्ट किया प्रस्तुत



सीबीएसई राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके खिलाड़ियों अनुराग एक्का, चाहत शर्मा, उर्वशी रात्रे, मोहनीश वर्मा, जतिन तोमर, वाई. ईश्वर, पुण्यति तांडी एवं उदय राज ने प्रज्वलित मशाल के साथ पूरे मैदान का चक्कर लगाकर खेल भावना, ऊर्जा और अनुशासन का परिचय दिया। विद्यालय के चारों हाउस इनोवेशन, एक्सीलेंस, ड्रीम और एटीट्यूड द्वारा मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया गया, जिसका नेतृत्व विद्यालय की एनसीसी यूनिट ने किया।




### विजेताओं को मिले प्रमाणपत्र

कार्यक्रम में कराटे, बॉक्सिंग, जिम्नास्टिक, जुडो और एरोबिक्स का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। 100 मीटर दौड़, रिले रेस तथा टग-ऑफ-वार जैसे ट्रैक इवेंट्स में विद्यार्थियों ने भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, जिसमें एटीट्यूड हाउस को समग्र विजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जया घोष और सीमा फिलिप ने किया, व उप-प्राचार्या सविता तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया। किया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से विभा रानी कटियार, रूबी बर्मन रॉय, अन्य प्राचार्य तथा पालक-शिक्षक संघ समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## धर्म लाइव

# मनुष्य 84 लाख योनियों में सबसे श्रेष्ठ, उसके पास ज्ञान की शक्ति



**भिलाई।** जगद्गुरुत्तम कृपालुजी महाराज की प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी देवी का 11 दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन राधा कृष्ण मंदिर ब्रज मंडल सेक्टर 6 में 21 दिसंबर तक आयोजित है। हर दिन शाम 5 से 7 बजे तक प्रवचन हो रहा है। प्रवचन के प्रथम दिवस धामेश्वरी ने शास्त्रों के प्रमाण स्वरूप बताया कि 84 लाख प्रकार की योनियों में मनुष्य शरीर सर्वश्रेष्ठ है, क्योंकि भगवान ने मनुष्यों को ज्ञान शक्ति दी। कर्म करने की शक्ति प्रदान की, जिससे अपने परम चरम लक्ष्य ईश्वर को प्राप्त कर सके। अगर देवदुर्लभ मनुष्य देह, जिसे स्वर्ग के देवता भी चाहते है को पाकर ईश्वर रूपी आनंद को प्राप्त नहीं किया तो मनुष्य शरीर छूटने पर 84 लाख प्रकार की हीन योनियों में भटकना पड़ेगा। हम केवल आनन्द ही चाहते हैं और वह आनन्द भगवान् को जानकर ही प्राप्त किया जा सकता है। लेकिन 84 लाख प्रकार के शरीरों में केवल मनुष्य शरीर से ही भगवान् को जाना जा सकता है।

### मनुष्य शरीर का सदुपयोग नहीं तो जीवन व्यर्थ

धामेश्वरी देवी ने कहा कि यदि हमने इस मनुष्य शरीर का सदुपयोग नहीं किया तो हमारा यह मनुष्य जीवन बरबाद हो जायेगा। कबहुंक करि करुणा नर देही के अनुसार यह मनुष्य शरीर भगवान की अकारण कृपा से प्राप्त हुआ है। इसलिये हमें मनुष्य शरीर की अहमियत समझनी होगी, लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि मनुष्य जीवन क्षणभंगुर है, हमें अगला क्षण मिले ना मिलें। मनुष्य जीवन का क्षण-क्षण अमूल्य हैं। इसलिये हमें प्रत्येक क्षण प्रभु स्मरण में ही बिताना चाहिये। अतः समय रहते हमें भगवान को जानना होगा, नहीं तो हमारा यह मनुष्य जीवन पशु के समान ही बरबाद हो जायेगा। केवल पूजा-पाठ करने से काम नहीं बनेगा।

## सिटी इवेंट

# वैशालीनगर में राम रसोई की शुरुआत पहले दिन 1100 लोगों ने किया भोजन



**भिलाई।** वैशाली नगर विधायक कार्यालय में विधायक रिकेश सेन ने पत्नी ऋचा सेन के साथ राम रसोई का शुभारंभ किया। अब से राम रसोई में हर दिन 20 रुपए में भर पेट भोजन मिलेगा। पहले दिन 1100 से ज्यादा लोगों ने भोजन किया। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि उनके कार्यालय में प्रतिदिन सैकड़ों लोग जनदर्शन में अपनी और क्षेत्र की समस्याएं लेकर पहुंचते हैं। प्रतिदिन 11 से 2 बजे तक भिलाई में रहने के दौरान वो नियमित रूप से आमजन की समस्याएं जान कर तत्काल निराकरण के हरसंभव प्रयास करते रहे हैं। आज विधायक कार्यालय में राम रसोई के 24वें सेंटर का शुभारंभ उन्होंने किया है जिसमें 12:30 बजे से 3:30 बजे तक 20 रूपये में भरपेट भोजन जनदर्शन में आए लोगों को मिलेगा। भोजन में रोटी, सब्जी, दाल, चावल, पापड़, मिष्ठान्न परोसा जाएगा। श्री सेन ने बताया कि राम रसोई की थाली में हर दिन अलग-अलग मौसमी सब्जियां परोसी जाएंगी। जनदर्शन में पहुंचे लोगों ने राम रसोई के माध्यम से भर पेट भोजन किया। हर रोज वैशाली नगर सहित अन्य विधानसभा से, दूरदराज के लोग यहां पहुंचते हैं। शुक्रवार को भोजन ग्रहण करने वालों में शासकीय स्कूल की छात्राएं विशेष रूप से आमंत्रित थीं। जनदर्शन में पहुंचने वाले वैशाली नगर विधानसभा के निर्धन लोगों से राम रसोई का थाली शुल्क नहीं लिया जाएगा। उनका मानना है कि जनसेवा का मूल उद्देश्य जरुरतमंदों तक सुविधा और सम्मानपूर्वक सहायता पहुंचाना है और राम रसोई उसी दिशा में एक संवेदनशील पहल है।

- विधायक रिकेश सेन पहुंचे भोजन करने, थाली में रोटी, सब्जी, दाल, चावल, पापड़, मिष्ठान्न शामिल

## सिटी इवेंट

# अमृतेष को पीएचडी की उपाधि



**भिलाई।** इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर के सहा. प्राध्यापक अमृतेष शुक्ला को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। विश्वविद्यालय में आयोजित पी.एच.डी वायवा में बाह्य परीक्षक के रूप में अलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो डॉ मधुरेंद्र कुमार उपस्थित रहे। शोध का विषय छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव 2018 में जातिवाद की भूमिका( दुर्ग जिले के विशेष संदर्भ में) था। इनके शोध निर्देशक डॉ. डीएन सूर्यवंशी थे। शोध केंद्र निर्देशक डॉ. प्रमोद यादव हैं। अमृतेष शुक्ला की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अलका मेश्राम, प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी ने बधाई दी।

# आईआईटी में कैम्पस ड्राइव के दौरान ट्रेनिंग 19 को

**दुर्ग।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दुर्ग में 19 दिसंबर को कैम्पस ड्राईव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे, जो गाइडेंस देंगे। इसके अलावा नौकरियों से जुड़ी जानकारी भी उपलब्ध कराएंगे। मुख्य रूप से टीवीएस मोटर के रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव के डीलर हेतु टू-व्हीलर टेक्निशियन, सर्विस एडवाईजर कस्टमर केयर एक्जीक्यूटीव पद के लिए मैकेनिक डीजल, मैकेनिक मोटर व्हीकल के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी, जेबीएम ग्रुप के पुणे, अहमदबाद के मेनुफ्चरिंग प्लांट में एप्रेटिंसषिप के लिए वेल्डर, फिटर, शीट मेटल टर्नर एवं इलेक्ट्रीशियन के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी और केवीआर ग्रुप चंद्रपुर के माईनिंग एडं हेवी इक्यूपमेंट इन्डस्ट्री में मेन्टेनेंस के लिए फिटर, डीजल मैकेनिक एवं मोटर मैकेनिक के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्लेसमेंट केम्प का आयोजन रखा गया है। अभ्यर्थियों को सुबह 10 बजे पहुंचने कहा गया है। दुर्ग, बालोद रोड, पुलगांव चौक, दुर्ग जिले की आईटीआई में पंजीयन किया जा रहा है। अभ्यर्थी की उम्र 18 से 28 तय की गई है। वे अपने साथ अपना बायोडाटा एवं समस्त शैक्षणिक एवं तकनीकी दस्तावेजों की सत्यापित प्रति, आधार कार्ड एवं 01 पासपोर्ट साईज फोटो अवश्य लाएं।

## रिसाली में त्रिवेणी ज्ञान यज्ञ सप्ताह का छठा दिन, हर दिन जुट रहे सैकड़ों भक्त

# माखन इंसान के भीतर छिपे प्रेम और भक्ति का प्रतीक, इसलिए श्रीकृष्ण बने माखन चोर

**भिलाई।** शिव मंदिर परिसर इस्पात नगर रिसाली में आयोजित त्रिवेणी ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठे दिन पंडित भूपत नारायण शुक्ला ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के सबसे रोचक प्रसंग माखन चोरी की अद्भुत कथा बताई। इस दौरान उन्होंने गिरीराज गोवर्धन पर्वत प्रसंग भी भक्तों को सुनाया। श्रीकृष्ण के माखन चोरी के प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर गए। महिलाएं नृत्य करने लगी।

गोवर्धन गिरी की पूजा का भी आयोजन कथा स्थल पर किया गया। उन्हें छप्पन भोग का प्रसाद भी चढ़ाया गया। त्रिवेणी ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन विष्णु पाठक व उनके परिवार की ओर से कराया जा रहा है जिसमें आसपास के सैकड़ों भक्त रोजाना अपनी उपस्थिति दे रहे हैं। आज कथा के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री रामशिला साहू मौजूद रही। कथा को आगे बढ़ाते हुए पंडित भूपत नारायण शुक्ला ने बताया कि भगवान को माखन चोर क्यों कहा जाता है। भगवान कृष्ण को माखन चोर इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने बचपन में माखन चोरी करके नटखट शरारतों से सबको मोह लिया था। माखन चोरी केवनल एक चोरी नहीं बल्कि इसके पीछे गहरा भाव है। माखन इंसान के दिल में छिपे प्रेम और भक्ति का प्रतीक है, जिसे भगवान कृष्ण हमेशा अपने साथ ले जाना चाहते थे।





### भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का किया बखान

कथा वाचक पंडित शुक्ला ने बताया कि श्रीमद्भागवत में माखन चोरी (मक्खन चुराने) का प्रसंग भगवान कृष्ण की बाल-लीलाओं का एक प्रमुख और मनमोहक हिस्सा है। जिसमें वे मित्रों के साथ पड़ोसियों के घरों से माखन, दही और मिश्री चुराते थे, जिसे वे अपने साथियों में बांटते थे। यह लीला भक्तों के हृदय में प्रेम व भक्ति का प्रतीक है, जो दर्शाता है कि ईश्वर को शुद्ध, निस्वार्थ प्रेम स्वीकार है, भले ही वह /"चोरी/" के रूप में प्रकट हो। भगवान कृष्ण द्वारा माखन चुराने का कार्य भक्तों के प्रेम को स्वीकार करने का एक तरीका था। चोरी करना इस बात का प्रतीक है कि परमेश्वर औपचारिक भेंट की प्रतीक्षा नहीं करता, वह प्रेमपूर्वक शुद्ध हृदय से उमड़ने वाली भक्ति को ग्रहण करता है।

### भगवान कृष्ण ने इंद्र के अहंकार से गोवर्धन पर्वत उठाकर वृंदावन को बचाया



पंडित भूपत नारायण शुक्ल कथा को आगे बढ़ाते हुए गोवर्धन गिरी का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं से जहां कंस के भेजे विभिन्न राक्षसों का संहार किया, वहीं ब्रज के लोगों को कई बार संकट से बचाया। प्रसंग में कथाकार ने बताया गया कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। भगवान कृष्ण के कहने पर पर जब वृंदावन के लोगों ने गिरीराज गोर्वधन की पूजा करने लगे तो इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रज मंडल पर भारी बरसात कराई। भगवान कृष्ण ने इंद्र के अहंकार को तोड़ने और ब्रजवासियों को भयंकर वर्षा से बचाने के लिए अपनी कनिष्ठा उंगली पर पूरा गोवर्धन पर्वत सात दिनों तक उठाकर वृंदावन की रक्षा की, जिससे इंद्र का घमंड चूर-चूर हुआ और ब्रजवासी सुरक्षित रहे। पंडित शुक्ला ने बताया कि यह प्रसंग ईश्वर में अटूट आस्था और समर्पण का प्रतीक है, जिसे आज भी गोवर्धन पूजा के रूप में मनाया जाता है।

### गीत संगीत से भाव विभोर हो रहे भक्त

त्रिवेणी ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान कथा वाचक के सुर से अपनी ताल मिलाने वाले कलाकारों की धुन पर भक्त भाव विभोर हो रहे हैं। कथा के दौरान बीच बीच में भक्ती गीतों पर सुर साधने वाले सरस्वती पुत्रों के के संगीत पर श्रद्धालु भक्ति रस में डूब जाते हैं। कथा में संगीत देने वाली टी में आर्गन पर रामदास दिवेदी चित्रकूट से, तबला पर मुन्ना ठाकुर चित्रकूट से, बेन्जो पर राम कुशवाहा साल्हेवारा से, पडे पर दुर्गा राम और सारंगी पर राम जी खैरागढ़ संगीत विश्व विद्यालय आदि शामिल हैं। कथा वाचक की कथा के साथ इनका संगीत भक्तों को बांधे रखता है।

## लीडरशिप व समर्पण को लेकर दी ट्रेनिंग

# 155 से ज्यादा स्टूडेंट्स ने सीखा अनुशासन व सेवा कार्य का भाव

**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय बीएमवाय चरोदा में आयोजित प्रवेश, प्रथम और द्वितीय सोपान स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। तीन दिवसीय इस शिविर में कुल 155 छात्र- छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। शिविर में विद्यार्थियों को अनुशासन, नेतृत्व, सेवा भावना और टीम–कार्य से जुड़ी महत्वपूर्ण गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया।

समापन समारोह के अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या प्रभा मिंज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड का प्रशिक्षण बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना पैदा करता है। यह प्रशिक्षण जीवन की चुनौतियों का सामना करने में अत्यंत सहायक होता है। उन्होंने शिविर को सफल बनाने वाले सभी प्रशिक्षकों और सहयोगियों की सराहना की। शिविर के मुख्य प्रभारी गाइड कैप्टन रविंद्र सेहमी ने बताया कि बच्चों को तीनों सोपानों में प्राथमिक चिकित्सा, गाँठें बाँधने की तकनीक, झंडी संकेत, अनुशासन, पथ संचलन, आपदा प्रबंधन तथा सामाजिक सेवा से जुड़े कई उपयोगी कौशल सिखाए गए। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड केवल पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देने वाला मार्ग है।

**केंद्रीय विद्यालय बीएमआई चरोदा में तीन सोपानों का प्रशिक्षण**



### प्रशिक्षण के दौरान आपात स्थिति से निपटने दिया प्रशिक्षण

शिविर संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रशिक्षकों एवं सहयोगियों में ढीवा, सरला, मीना गुप्ता, लीला सिंह, रोशनी चंद्राकर, स्काउट मास्टर के. नायक, केपी मनाडे, एसके साहू, रोहित कुमार, तथा स्वयंसेवी ऋषभ वर्मा, साक्षी, गरिमा और ऋषभ का विशेष योगदान रहा। सभी ने बच्चों को समर्पण, धैर्य और अनुशासन के साथ प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही भविष्य में ऐसे आयोजनों को लेकर कार्ययोजना बनाने का निर्णय लिया गया।

**विद्यार्थियों को दी गई ध्वज शिक्षा :** इस अवसर पर विद्यार्थियों ने ध्वज शिक्षा, समूह गतिविधियों, पथ–संचलन, टोली–निर्माण, खेल एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लिया। विद्यार्थियों ने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस शिविर ने उन्हें आत्मविश्वास बढ़ाने, सहयोग से काम करने और समाज के प्रति संवेदनशील बनने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रशासन की ओर से सभी प्रशिक्षकों, सहयोगियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया तथा आगे भी ऐसे उपयोगी प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

## वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

# प्राज्वल को मेकर्स कप अवार्ड से डीपीएस ने किया सम्मानित



**भिलाई।** डीपीएस स्कूल जुनवानी दुर्ग में 12वीं कक्षा के छात्र प्राज्वल मौर्य को मेकर्स कप अवार्ड से नवाजा गया। पिछले दिनों हुए वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। प्राज्वल ने बिजनेस स्टडीज में शत प्रतिशत अंक अर्जित किए। उन्हें यह सम्मान छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव, हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, सात्विक सिंधु, प्रबंधक एचएस बत्रा, पूर्व प्राचार्य परवीन रशीद की मौजूदगी में प्रदान किया गया। विद्यालय की निदेशक पुनीता नेहरू ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। स्कूल की शैक्षणिक उपलब्धियों, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता, खेलकूद और सह-शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

**शैक्षणिक उपलब्धियों, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता खेलकूद और सह-शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में दी जानकारी**

## कसारीडीह स्थित मंदिर में पिछले दिनों मनाया गया था स्थापना दिवस समारोह

# सांई महोत्सव में प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर, विजेताओं को मिला सम्मान

**कार्नर न्यूज**

**धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों ने बिखेरी छटा**

**दुर्ग।** सिविल लाईन कसारीडीह स्थित प्रसिद्ध श्री साई बाबा मंदिर के वार्षिक साई महोत्सव में धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा सांस्कृतिक आयोजनों की छटा बिखरी। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, जिला भाजपाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, महापौर अलका बाघमार, पूर्व विधायक अरुण वोरा, शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल समेत अन्य राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों, धार्मिक, सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने शामिल होकर श्री साई बाबा के दर्शन किए और प्रदेशवासियों की समृद्धि व खुशियाली के लिए कामना की।



### विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर बढ़ाया हौसला

तीन दिवसीय महोत्सव में पूजी की थाली सजाओ, रंगोली, ड्रॉइंग एवं मेहन्दी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने सैकड़ों की संख्या में हिस्सा लेकर अपनी उत्कृष्ट कला कौशल का परिचय दिया। प्रतियोगिताओं के परिणाम गुरुवार की शाम घोषित किए गए। तत्पश्चात विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों के हाथों पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया गया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सुराना कॉलेज वार्ड-40 की पार्षद सरिता चंद्राकर, गुरुघासीदास वार्ड-44 पार्षद मनीष कोठारी, भाजपा नेता विनोद चंद्राकर रहे। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए विजेताओं को पुरस्कृत कर सभी प्रतिभागियों को बेहतर कला कौशल के प्रदर्शन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर मंदिर समिति अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल, कोषाध्यक्ष सुजीत गुप्ता, सह-सचिव संतोष यदु, प्रचार सचिव सुरेश साहू, अजय सुरपाम, कार्यकारिणी सदस्य कौशल किशोर सिंह, गणेश निर्मलकर, जयंत खिरोडकर, प्रकाश शिवणकर, नारायणदत्त तिवारी, ईश्वर अग्रवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिवाकांत तिवारी ने किया।

### विजेता प्रतिभागियों को मिला सम्मान



प्रतियोगिता आयोजन समिति द्वारा घोषित परिणाम के अनुसार पूजा की थाली सजाओ प्रतियोगिता के ए वर्ग में सिद्धि इंग्ले, सोनाक्षी नायक, नव्य वर्मा, गरिमा गायकवाड़, दक्ष अग्रवाल, बी वर्ग में भारती नामदेव, दुर्गा यादव, साक्षी तम्बोली, मनीष धृतलहरे को प्रदान किया गया। पूजा की थाली सजाओ प्रतियोगिता में वर्षा हासवानी को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता के ए वर्ग में दीक्षा कौशल, फलक फातिमा, याशी साहू, खुशबू कौशल, रानी कोठारी, बी वर्ग में अंजल यादव, द्वितीय अंजलि साहू व सरिता देशलहरे को प्रदान किया गया। ड्रॉइंग ए वर्ग में निधि यादव, आन्या सिंह, इशनवी जैन, गुनिका साहू, रिजा फातिमा, बी वर्ग में सृष्टि माईटि, पूर्वी सेन, घनश्याम यादव, सौम्या साहू, सी वर्ग में अंजली साहू, यमुना सारथी, अंजल यादव, अनुश्री उप्लव को प्रदान किया गया। इसके अलावा अन्य प्रतिभागी सम्मानित किए गए।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-16 में छत्तीसगढ़ के अर्श ने लिए 4 विकेट



**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा मेंस अंडर 16 विजय मर्चेन्ट मल्टी डे ट्राफी 2025 का आयोजन 07 दिसंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा मैच (12-14 दिसंबर) मुरैना, मध्य प्रदेश में ओडिशा अंडर 16 टीम के विरुद्ध खेला गया। पहले दिन छत्तीसगढ अंडर-16 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।

ओडिशा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 57.1 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर केवल 139 रन ही बनाये। ओडिशा की ओर से आशुतोष नायक ने सर्वाधिक 38 रन तथा ओमप्रकाश दास ने 24 रन बनाये। नील नितिन मोहंती ने भी 23 रनों का योगदान दिया।

छत्तीसगढ अंडर 16 टीम की ओर से अर्शवीर सिंह भाटिया ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 4 विकेट तथा अरहम नाहर ने 2 विकेट लिए। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ ने अपनी पहली पारी में 32 ओवरों में 4 विकेट खोकर 81 रन बना लिये हैं। छत्तीसगढ की ओर से अंशुमन ठाकुर ने 30 रन तथा आदित्य ने 23 रन बनाये। खेल समाप्त होने तक चंद्रहास 8 रन तथा उज्जवल 2 रन बनाकर क्रिज पर खेल रहे हैं। ओडिशा की ओर से मृत्युंजय दास ने 2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ 58 रनों से पीछे है।

### अंडर-19 में जारी है शानदार मुकाबले



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे राउंड के दूसरे दिन शानदार मुकाबले हुए। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम कोरबा ने सरगुजा के विरुद्ध 9 विकेट से जीत हासिल की और 6 अंक हासिल किए। साइंस कॉलेज राजनांदगांव में टीम दुर्ग ने कोरिया जिला के विरुद्ध 9 विकेट से जीत हासिल की और 6 अंक हासिल किए। दल्ली राजहरा में टीम दंतेवाड़ा ने महासमुंद के विरुद्ध एक पारी एवं 34 रन से जीत हासिल की और सात अंक हासिल किये। कवर्धा में टीम जशपुर ने कवर्धा के विरुद्ध 29 रन से जीत हासिल की और 6 अंक हासिल किए। न्यू ग्राउंड कांकेर में रायगढ़ ने नारायणपुर के विरुद्ध एक पारी एवं 55 रन से जीता एवं 7 अंक प्राप्त किए। धमतरी में टीम रायपुर ब्लू ने बस्तर के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी 330 रन बनाए और टीम आउट हो गई। बल्लेबाजी करते हुए बस्तर टीम पहली पारी में 96 रन पर आउट हुई। फॉलोआन खेलते हुए बल्लेबाजी में बस्तर ने दूसरी पारी 5 विकेट पर 82 रन बनाए।

### श्रीमंत को पैरा पंजा कुश्ती में रजत



**भिलाई।** पंजा कुश्ती के खिलाड़ी श्रीमंत झा को एशियन पैरा पंजा कुश्ती कप 2025 यूएई–शारजाह में रजत पदक जीता। उन्होंने 85 किलोग्राम वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता में श्रीमंत झा ने बेहतरीन ताकत, तकनीक और धैर्य का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई और उत्कृष्ट संघर्ष के बाद सिल्वर मेडल अर्जित किया। श्रीमंत ने कहा कि यह उनके लिए विशेष उपलब्धि है। वह हर मैच देश के वीर जवानों की प्रेरणा से खेलते है और अब उनका लक्ष्य आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीतकर भारत का नाम और ऊँचा करना है।

### सीनियर नेशनल सॉफ्टबॉल में भाग लेंगी छत्तीसगढ़ की टीम



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश सॉफ्टबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने 47वीं सीनियर नेशनल सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पुरुष एवं महिला दल के चयन सूची जारी की है। सीनियर नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन 14 से 18 दिसंबर के मध्य दत्तापुलिया (पश्चिम बंगाल) में हो रहा है। राज्य दल के गठन हेतु 15 एवं 16 नवंबर को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर स्थित सॉफ्टबॉल मैदान में चयन प्रशिक्षण आयोजित किया गया था एवं उसके पश्चात प्रारंभिक रूप से चयनित खिलाड़ियों का 25 नवंबर से 11 दिसंबर के मध्य रायपुर में ही प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। पुरुष वर्ग में कोरबा से मानस केसरवानी, रायपुर से किशन महानंद, बीरू बाघ, मोहित ठाकुर, गौरव डहरिया, निखिल नायक, दीपक साहू, राजनांदगांव से वी मोहन राव, नीलेंद्र पटेल, रायगढ़ से सौरभ यादव, दुर्ग से मयंक राजपूत, पी आशीष, सुशांत यादव, कबीरधाम से भूपेंद्र गढ़े, कमलेश्वर निर्मलकर, दंतेवाड़ा से संतोष यादव, प्रशिक्षक अमित कुमार वरु एवं बी रूद्रपति, मैनेजर चंद्रशेखर पुरी गोस्वामी, महिला वर्ग रायपुर से गंगा सोना, प्रीति वर्मा, नेहा छुरा,अंजू टांडी, मनीषा गोंड शामिल हैं।

ठंड के इस मौसम में हड्डियों और जोड़ों की परेशानी से राहत के लिए उठाएं कदम

# सर्दी के मौसम में बढ़ गई हैं गठिया की दिक्कतें घबराएं नहीं और इन उपाय से करें अपना बचाव

सर्दियों के इस मौसम को सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण माना जाता है। कम तापमान में कई वायरस सक्रिय हो जाते हैं जिसके कारण इंफ्लूएंजा और अन्य संक्रमण का खतरा तो बढ़ ही जाता है साथ ही साथ ये मौसम उन लोगों के लिए भी समस्याकारक है जो हड्डियों और जोड़ों की दिक्कत से परेशान हैं। ठंड के महीनों के दौरान, गठिया से पीड़ित लोगों की दिक्कतें ट्रिगर हो सकती हैं, जोड़ों का दर्द बढ़ सकता है और आप अधिक असहज महसूस कर सकते हैं। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ ऐसे लोगों को सर्दियों के मौसम में विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह देते हैं।

ठंड के मौसम में साइनोवियल फ्लूड (दो हड्डियों के बीच में मौजूद एक पदार्थ) की मोटाई में बदलाव के कारण ये दिक्कतें होती हैं। साइनोवियल फ्लूड जोड़ों को सुचारू रूप से काम करने में मदद करती है। इस द्रव के गाढ़ा होने से जोड़ सख्त हो जाते हैं, जिससे उनमें दर्द और जकड़न की समस्या बढ़ सकती है। तो गठिया के शिकार लोगों को इस मौसम में क्या उपाय करने चाहिए? आइए जानते हैं।



### सर्दियों में गठिया की समस्या

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ठंड के दिनों में गठिया की समस्या के बढ़ने का एक कारण यह भी है कि इस मौसम में अक्सर लोगों की शारीरिक गतिविधि कम हो जाती है। व्यायाम कम करने और शारीरिक रूप से निष्क्रिय रहने के कारण मांसपेशियों में कमजोरी और जोड़ों में अकड़न पैदा हो सकती है। सर्दियों में सूरज की रोशनी भी कम निकलती है जो विटामिन-डी का स्रोत है। विटामिन-डी की कमी हड्डियों के लिए बहुत नुकसानदायक है। इस तरह की स्थितियों में अपनी हड्डियों को स्वस्थ रखने और गठिया की दिक्कतों से बचे रहने के लिए आप पहले से ही कुछ प्रयास कर सकते हैं।

### ठंड से बचने का करें प्रयास

सर्दी के मौसम में अपने शरीर को गर्म रखना जोड़ों की समस्याओं से बचे रहने के लिए सबसे जरूरी है। शरीर को गर्म रखने के लिए इलेक्ट्रिक कंबल, रूम हीटर या वार्मर का उपयोग करें। सर्दियों में ऊनी कपड़े और थर्मल पहनें, विशेषकर जोड़ों को ढककर रखें। इन उपायों की मदद से जोड़ों की अकड़न से बचा जा सकता है। जोड़ों की गर्म सेकाई करना भी अच्छा विकल्प है, इसकी मदद से भी आप लक्षणों को बिगड़ने से रोक सकते हैं।



### नियमित व्यायाम जरूरी

नियमित व्यायाम की आदत संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए जरूरी है। इसकी मदद से जोड़ों की गतिशीलता को भी बनाए रखने में मदद मिलती है। अगर ठंड के कारण टहलना बहुत मुश्किल है, तो योग और स्ट्रेचिंग जैसे हल्के इनडोर व्यायाम करें। व्यायाम मांसपेशियों की ताकत और जोड़ों की गतिशीलता को बनाए रखने में मदद करते हैं। डॉक्टर कहते हैं, जो लोग नियमित व्यायाम करते हैं उनमें गठिया या इसके कारण होने वाली समस्याओं का जोखिम कम होता है।



### पर्याप्त नींद और उपचार पर दें ध्यान

जोड़ों को स्वस्थ रखने और गठिया की समस्या को बढ़ने से रोकने के लिए शरीर को पर्याप्त आराम देना और हर रात 6 से 8 घंटे सोना भी बहुत आवश्यक है। अच्छी नींद समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। यह सूजन संबंधी प्रतिक्रियाओं को कम करने में भी मददगार है जिससे गठिया के लक्षणों को कम किया जा सकता है।

इन सभी उपायों के साथ डॉक्टर द्वारा दी गई दवाओं और बताए गए उपायों का भी पालन जरूर करें। गठिया की समस्या अगर बढ़ती दिखे तो तुरंत चिकित्सक का परामर्श लें।



## राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को मिले चार मैडल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ को सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में चार मैडल प्राप्त हुए हैं। 10 से 20 दिसंबर तक तेलंगाना में जारी 32 सीनियर एनटीपीसी राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के तीरंदाजों ने यह उपलब्धि हासिल की।

छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के 36 तीरंदाज, कोच और मैनेजर भाग ले रहे हैं। जिसमें शुक्रवार को इंडियन वर्ग की प्रतियोगिता में 30 मीटर में विकास कुमार को गोल्ड मैडल मिला। 50 मीटर में चांदनी साहू को सिल्वर मैडल मिला। वहीं बालिका टीम में झारखंड को हराते हुए छत्तीसगढ़ को गोल्ड मैडल मिला।



मैडल के तौर पर ओलंपिक ग्राउंड में विकास कुमार को कांस्य पदक। खुशी की बात यह है कि चांदनी साहू और विकास कुमार दोनों जूनियर सब जूनियर के खिलाड़ी हैं और इन्होंने सीनियर वर्ग में मेडल प्राप्त किए हैं। मुरारका ने बताया कि नवंबर में ईटानगर अरुणाचल प्रदेश में भी इन्हीं तीरंदाजों ने गोल्ड मेडल जीता था। वहीं कुछ दिन पहले नेशनल गेम में भी इन्हीं लोगों ने छत्तीसगढ़ की झोली में चार-चार पदक डाले थे। मुरारका ने उम्मीद जताई है कि रायपुर में होने वाली जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी छत्तीसगढ़ की झोली में यही खिलाड़ी, यही तीरंदाज, यही टीम, छत्तीसगढ़ को मेडल दिलाएंगे। मुरारका ने बताया कि टीम के रायपुर आने पर शानदार स्वागत किया जाएगा। छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, खेल मंत्री व उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक पुरंदर मिश्रा,मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, भारतीय तीरंदाजी संघ छत्तीसगढ़ संगठन के सचिव आयुष मुरारका, टी टी बेहरा और आत्माराम सहित अनेक तीरंदाजो और कोच मैनेजर ने मेडल प्राप्त करने पर खिलाड़ियों को बधाईयां दी है।



## सिख प्रीमियर लीग क्रिकेट में आज खेले जाएंगे सेमीफाइनल मैच



■ पहला रायपुर व चंडीगढ़ एवं दूसरा मैच लुधियाना व पटियाला के बीच होगा

**रायपुर।** सिख प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार 13 दिसंबर को दो सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे। पहला मैच रायपुर व चंडीगढ़ एवं दूसरा मैच लुधियाना व पटियाला के बीच होगा। इधर 17 वीं एसपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को खेले गए पहले मैच में नागपुर को 95 रन से हराकर चंडीगढ़ सेमीफाइनल में पहुंची। वहीं दूसरे मैच की विजेता टीम पटियाला चौथी सेमीफाइनलिस्ट रही। इससे पहले रायपुर व लुधियाना की टीमें सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। शनिवार 13 दिसंबर को दो सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे। फाइनल मैच रविवार 14 दिसंबर को होगा।

शुक्रवार को पहला मैच चंडीगढ़ सिंग्स व सिमरन रायल्स किंग्स नागपुर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए चंडीगढ़ की टीम ने 162 रन बनाये। 3 चौके व 2 छक्कों की मदद से सबसे ज्यादा 40 रन नरेन्दर सिंग ने बनाए। मनिंदर ने 29 व गुरबेज ने 20 रनों की सहयोगी पारी खेली। 19 एक्सट्रा रन भी मिले। नागपुर के गेंदबाज आगमसिंग 17 रन देकर 2 व पहुलदीप ने 20 रन देकर 2 विकेट लिए।

सिमरन रायल्स किंग्स नागपुर की टीम केवल 67 रन (13.4 ओवर) पर आल आउट हो गई। एकमात्र आगमसिंग ही रहे जिन्होने 24 रन (23) बनाए। पवन व कैफी ने क्रमशः 11 व 12 रन बनाए। चंडीगढ़ के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया जोहनप्रीत व हरप्रीत ने 2-2 विकेट लिए लेकिन गुरबेज ने मात्र चार गेंद में 1 रन देकर 3 विकेट लेकर आखिरी के बल्लेबाजों को समेट दिया। जिसमें अंतिम दो को शून्य पर आउट किया। गुरबेज आज के प्लेयर आफ द मैच चुने गए। इससे पहले उन्होने 20 रन की उपयोगी पारी भी खेली थी। इस अवसर पर दशमेश सेवा सोसायटी के सदस्यों के साथ छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के ज्वाइन सेक्रेटरी मो. अकरम व छत्तीसगढ़ फुटबाल संघ के प्रेसीडेंट मुश्ताक अली प्रधान उपस्थित रहे।


दूसरा मैच सिंग ए पंजाब पटियाला ने 37 रन से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 182 रन का एक बड़ा स्कोर खड़ा किया। सबसे ज्यादा रन गुरमीत ने 67 (34) बनाए जिसमें 6 चौके व 3 छक्के शामिल रहे। जसप्रीत ने 33 व कुमे अंबाला ने 27 बनाए। जम्मू की ओर से रायल सिंग ने 2 व संजोग,हरवीर व गुरप्रीत ने 1-1 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी जगुआर क्रिकेट क्लब सिम्बल मोर जम्मू की टीम 145 रन ही बना पायी। गुरमीत ही एकमात्र बल्लेबाज रहे है जिन्होंने 4 चौके व 2 छक्कों की मदद से 43 रनों की पारी खेली। अमनवीर ने 21 व गगनदीप ने 20 रन बनाए। जसकरण व जसप्रीत ने 2-2 तथा इंदरप्रीत,जसप्रीत व गुरदीप ने 1-1 विकेट लिए। पटियाला के जसप्रीत को 33 रन बनाने व 2 विकेट लेने के कारण मैच का बेस्ट प्लेयर घोषित किया गया। इस मैच के अतिथि नमित जैन, स. नवनीत सिंग भाटिया व स. जसमीत सिंग खनूजा थे।

## क्या सुबह की पूजा के बाद भी करनी चाहिए आरती?



शास्त्रों में आरती करने के तीन प्रमुख समय बताए गए हैं। यह समय हैं प्रातः काल, संध्या काल और रात्रि काल। प्रातः काल यानी कि सुबह के समय मंगला आरती होती है, संध्या काल यानी कि सूर्यास्त के समय संध्या आरती की जाती है और रात्रि काल यानी कि भगवान को सुलाते समय शयन आरती करते हैं। हालांकि शास्त्रों में यह बताया गया है कि तीनों आरती तब की जाती है जब मंदिर में आरती हो रही हो यानी कि सुबह, शाम और रात की आरती किसी भी देवी-देवता की मंदिर प्रांगण में करना उचित माना गया है। वहीं, गृहस्थ लोगों के लिए सिर्फ संध्या आरती करना ही मान्य है और यह मंगलकारी सिद्ध होता है। असल में सुबह पूजा का समय शास्त्रों में ब्रह्म मुहूर्त माना गया है। यानी कि सुबह की पूजा हमेशा ब्रह्म मुहूर्त में करनी चाहिए। अब आज के समय में कई कारणों से गृहस्थ लोगों के लिए यह संभव नहीं कि वह ब्रह्म मुहूर्त में पूजा कर आरती करें। ऐसे में गृहस्थियों के लिए संध्या आरती करना ही उचित माना गया है। शास्त्रों में यह भी वर्णित है कि आप सुबह के समय पूजा कभी भी कर सकते हैं दोपहर के 12 बजे से पहले लेकिन सुबह पूजा के बाद अगर आप आरती करते हैं तो इससे आपकी पूजा खंडित हो जाती है क्योंकि ब्रह्म मुहूर्त की आरती ही धर्म ग्रंथों एवं शास्त्रों में सुबह की पूजा के बाद श्रेष्ठ मानी गई है।

## सीनियर वॉलीबॉल टीम का चयन ट्रायल्स 16 दिसम्बर को



**रायपुर।** जिले की सीनियर (महिला एव पुरुष) वालीबाल टीम का चयन ट्रायल्स 16 दिसम्बर मंगलवार को शाम 04:00 बजे सप्रे स्कूल रायपुर के मैदान में रखा गया है. जिसमें जिले में निवासरत जो भी खिलाड़ी है वे सभी भाग ले सकते हैं. सभी खिलाडी प्रॉपर किट में आकर चयन स्पर्धा में शामिल हो सकते हैं। चयनित जिले की टीम 20वीं अंतर जिला (महिला एव पुरुष) वालीबाल चैंपियनशिप जो कि 25 से 28 दिसंबर तक भिलाई में आयोजित है में भाग लेंगी। जहाँ पर सीनियर छत्तीसगढ़ (महिला एवं पुरुष) वर्ग की वॉलीबॉल टीम का चयन किया जाएगा जो 4 से 11 जनवरी तक वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में आयोजित नेशनल वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में भाग लेंगे।

कार्नर न्यूज

घर पर छोटी सी पार्टी भी रखना हो तो ध्यान दें जरूरी उपायों पर

# तैयारी है क्रिसमस पार्टी की, डेकोरेशन के साथ खान-पान पर ध्यान देकर पाएं अपनों की तारीफ

अगर आप भी इस बार घर पर क्रिसमस पार्टी ऑर्गनाइज करने का सोच रहे हैं, तो आप अपने प्रियजनों के साथ इस खास दिन को यादगार बना सकते हैं। आइए जानते हैं कि खाने-पीने से लेकर डेकोरेशन तक कैसे करें घर में क्रिसमस पार्टी की तैयारी। घर को सजाने के लिए कमरे में क्रिसमस ट्री रखें। इससे घर का माहौल बन सकता है। आप इसे रंग-बिरंगे गेंदों, मोतियों, और रोशनी से सजा सकते हैं। क्रिसमस के रंगों से घर के हर कोनों को सजाएं। आप लाल और हरे रंग के रिबन, गुब्बारे, और मोमबत्तियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। दरवाजे और खिड़कियों पर लाल और हरे रंग की मालाएं लगाएं। घर के किसी कोने में एक स्नोमैन बना सकते हैं। आप इसे कपड़े या कागज से भी बना सकते हैं। घर की दीवारों पर क्रिसमस कार्ड लगाएं। घर के अंदर और बाहर फेयरी लाइट्स लगाकर एक जादुई माहौल बनाएं।

### क्रिसमस पार्टी को शानदार बनाने के लिए लगाएं म्यूजिक

क्रिसमस के गाने बजाएं और सभी साथ में नाचें। इस पार्टी को शानदार बनाने के लिए घर में म्यूजिक बजाकर दोस्तों के साथ डांस कर सकते हैं। अगर आप इस बार छोटी सी पार्टी घर पर ही रख रहे हैं, तो घर में मौजूद साउंड बॉक्स को भी अपने हॉल में जगह दे सकते हैं।



### गेम्स और गतिविधियां

क्रिसमस थीम पर आधारित गेम्स खेलें जैसे कि गिफ्ट एक्सचेंज, सच या झूठ, ट्रूथ एंड डेयर, लुडो, कार्ड्स, पजल आदि खेल सकते हैं। पार्टी को और भी ज्यादा मजेदार बनाने के लिए आप म्यूजिकल चेयर्स का गेम भी खेल सकते हैं। इस गेम में सभी को बहुत मजा आएगा। साथ ही, आप पार्टी को और भी ज्यादा अच्छे से एंजॉय कर सकते हैं।

### खाने-पीने का इंतजाम

क्रिसमस पार्टी में केक मुख्य आकर्षण होता है। ऐसे में, आप पार्टी के लिए एक केक मार्केट से खरीद सकते हैं या घर पर भी बना सकते हैं। इसके अलावा, विभिन्न प्रकार की कुकीज़ जैसे जिंजरब्रेड कुकीज़, चॉकलेट चिप कुकीज़ आदि रखे। साथ ही, सैंडविच, पिज्जा और नूडल्स जैसी खाने की चीजों को डाइनिंग टेबल पर सजा सकते हैं। इसके अलावा, आप चाहें तो ताजे फल काटकर और ड्राई फ्रूट्स भी बाउल में सजाकर रख सकते हैं। पार्टी के लिए पेय पदार्थ में कोल्ड ड्रिंक्स, जूस, और कॉफी-टी की व्यवस्था करें।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 33 हत्याओं का दोषी, वो बस मर्दों को बनाता था निशाना, आज भी देखकर कंपकंपाती है जुबान

हॉलीवुड फिल्म 'इट' में 'पेनीवाइज' नाम के जोकर ने हर किसी के अंजर खौफ पैदा कर दिया था। लेकिन क्या हो जब आपको पता चले कि वो कहानी सच्ची घटना पर आधारित थी। स्टीफन किंग ने कभी नहीं लिखा कि 'पेनीवाइज' सीरियल किलर पर आधारित है या नहीं, लेकिन समानताएं इतनी अधिक हैं।



'कूलरोफोबिया' एक ऐसा फीयर है जो जोकरों के डर से पैदा होता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, लगभग 50% लोगों को जोकरों से डर लगता है। और सोचिए अगर जोकर कोई राक्षसी अलौकिक शक्ति है जो बच्चों का बेरहमी से कत्लेआम करता है, उसके बाद तबाही मचाता है और उसका नाम 'पेनीवाइज' है, तो क्या! स्टीफन किंग ने अपने 1986 के नोवल 'आईटी' में इस काल्पनिक, दुष्ट जोकर के बारे में लिखा था, जो बच्चों और बड़ों दोनों को डराता रहा है।

हालांकि, क्या आपने कभी सोचा है कि लेखक को जोकर की कहानी के साथ डार्क हॉरर को मिलाने की प्रेरणा कहां से मिली? 'पेनीवाइज' स्टीफन किंग की कल्पना है। हालांकि, उनकी कहानी कई वास्तविक घटनाओं और लोगों से प्रेरित लगती है। फिल्म 'इट' में 'पेनीवाइज' को करीब से दिखाया गया है। तो, आइए जानते हैं इसके बारे में और बातें।

80 का दशक, जब स्टीफन किंग ने 'इट' लिखी थी, वह ऐसा समय था जब हर माता-पिता अपने बच्चों की जान को लेकर डर में जी रहे थे। इस दशक में बच्चों के अपहरण और हत्या के लगातार मामले सामने आए। इसे 'अजनबी खतरा' कहा जाता था, जिससे परिवारों में दहशत फैल गई।

### टॉलीवुड

## 'वाराणसी' के सफल इवेंट के बाद राजामौली बोले-धन्यवाद

महेश बाबू, प्रियंका चोपड़ा और पृथ्वीराज स्टारर फिल्म 'वाराणसी' का टीजर जब से रिलीज हुआ है, तभी से ही लगातार फैंस और इंडस्ट्री के सितारों की ओर से इस पर प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। अब तक कई सेलेब्स ने राजामौली की तारीफ करते हुए महेश बाबू की फिल्म से पहली झलक को पसंद किया है। वहीं महेश बाबू के फैंस की ओर से भी टीजर को बेशुमार प्यार मिला है। अब निर्देशक एसएस राजामौली ने टीजर को मिल रहे प्यार पर अपना रिएक्शन दिया है। महेश बाबू के फैंस का आभार जताते हुए राजामौली ने अपने एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा- 'वाराणसी के अनाउंसमेंट वीडियो को मिले प्यार, सम्मान और तालियों के लिए आप सभी का तहे दिल से धन्यवाद। हमारी पूरी टीम आप सबकी बेहद आभारी है।' राजामौली ने एक और पोस्ट करते हुए महेश बाबू के फैंस का भी शुक्रिया अदा किया। उन्होंने लिखा- 'मेरे सभी महेश फैंस का दिल से धन्यवाद, जिन्होंने इतनी लंबी दूरी तय करके ग्लोबट्रॉटर इवेंट में हिस्सा लिया और ठंड में करीब 3 किलोमीटर पैदल चले। इसके बावजूद, हमारी तरफ से कुछ दिक्कतें आने पर भी आपकी सहनशीलता बिल्कुल नहीं डगमगाई। मुझे यह कहना ही होगा- आप अपने स्टार जितने ही अनुशासित हैं और हर उस तेलुगु सिनेमा दर्शक का बड़ा धन्यवाद, जो जमीन पर हमारे साथ खड़ा रहा।'



एसएस राजामौली द्वारा निर्देशित महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वाराणसी' की पहली झलक दर्शकों के सामने आ चुकी है। निर्देशक राजामौली ने हैदराबाद में आयोजित हुए ग्लोबट्रॉटर इवेंट में इसे रिलीज किया। अभिनेता महेश बाबू के लुक के सिर्फ नेटिजंस ही नहीं, बल्कि सेलेब्स भी दीवाने हो रहे हैं।

### छॉलीवुड

## 'आर जे बस्तर' की डबिंग हुई पूरी जल्द ही बड़े पर्दे पर धमाकेदार एंट्री

छत्तीसगढ़ी और हिंदी सिनेमा प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। युवा निर्देशक मनीष मानिकपुरी के निर्देशन में बनी बहुचर्चित फिल्म 'आर जे बस्तर' की डबिंग का काम पूरी तरह से समाप्त हो चुका है। अब फिल्म जल्द ही अंतिम पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में प्रवेश करने जा रही है। फिल्म के निर्माता पवन कुमार सिंह ने बताया कि बहुत जल्द यह फिल्म दर्शकों के बीच रिलीज की जाएगी, जिसकी आधिकारिक घोषणा भी शीघ्र होगी।



'आर जे बस्तर' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल की असली खुशबू और जमीनी हकीकत को दर्शाने वाला एक सजीव दस्तावेज है। कहानी बस्तर के एक छोटे से गांव में रहने वाले लोगों, उनकी संस्कृति, संघर्ष, सपनों और संवेदनाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। यह फिल्म बताती है कि बस्तर सिर्फ जंगलों, पहाड़ों और परंपराओं का प्रदेश नहीं बल्कि बड़ा दिल, बड़ी सोच और बड़े कलाकारों की धरती है। फिल्म में कई प्रतिभाशाली कलाकारों ने अपने अभिनय का परचम लहराया है। प्रमुख कलाकारों में पुष्पेंद्र सिंह – दमदार स्क्रीन प्रेज़ेन्स और गहरी अभिनय क्षमता के लिए जाने जाते हैं। संजय महानंद – अपनी सहज और प्रभावशाली अदाकारी के कारण दर्शकों के पसंदीदा कलाकार रहे हैं। शील वर्मा – बस्तर की संस्कृति को पर्दे पर जीवंत करने में माहिर हैं। सुनील तिवारी – भावनात्मक और गंभीर किरदारों के लिए मशहूर हैं।

लाइफ स्टाइल




गुलबानो गरारा

गुलबानो गरारा एक पारंपरिक पहनावा है इसे आमतौर पर इवेंट्स की शान माना जाता है। तीन पीस में शॉर्ट शर्ट, गरारा और दुपट्टे के साथ यह ड्रेस सिल्क से बनी है। आकर्षक कांथा एम्ब्रॉयडरी और एक्रू रंग इस आउटफिट को और शानदार बनाते हैं। यह गोल नेकलाइन शर्ट और मोटे बॉर्डर वाले भारी एम्ब्रॉयडरी वाले बॉटम के साथ आती है। मैचिंग हैवी कांथाकारी जाल दुपट्टा इस ड्रेस को पूरी तरह से कॉम्प्लिमेंट करता है।

## सिर पर जमी डैंड्रफ की परत को एक हफ्ते में साफ कर देंगे ये नुस्खे

डैंड्रफ एक ऐसी समस्या है, जिसकी वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसकी वजह से बहुत से लोग तो काले रंग के कपड़े पहनना तक बंद कर देते हैं, क्योंकि रूसी उन कपड़ों पर झड़कर लोगों को शर्मिंदा करती है। इसलिए आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में जानना चाहिए, जिनके इस्तेमाल से एक हफ्ते में सिर पर जमी डैंड्रफ की परत कम हो जाएगी। अगर आपके सिर पर रूसी काफी ज्यादा है तब एक हफ्ते में इसका कम होना मुश्किल है, लेकिन हां आपको इसका अच्छा असर ही देखने को मिलेगा।



### नींबू और नारियल तेल का उपयोग

यदि आपको नींबू सूट करता है तो आप 2-3 चम्मच नारियल तेल में आधा नींबू का रस मिलाएं। इसे अपनी स्कैल्प पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। 30 मिनट बाद हल्के शैंपू से बाल धो लें। नींबू का रस फंगस को खत्म करने में मदद करता है और नारियल तेल स्कैल्प को मॉइश्चराइज करता है।

### टी ट्री ऑयल का उपयोग

टी ट्री ऑयल को कभी भी सीधा बालों में न लगाएं। इस्तेमाल के लिए इसकी 2-3 बूंदें टी ट्री ऑयल शैम्पू में मिलाकर बाल धोएं। टी ट्री ऑयल में एंटी-फंगल गुण होते हैं जो डैंड्रफ को तेजी से कम करते हैं।

### एप्पल साइडर विनेगर

विनेगर यानी कि सिरके के इस्तेमाल से भी आप सिर पर जमी रूसी को कम कर सकते हैं। इसके लिए बराबर मात्रा में पानी और एप्पल साइडर विनेगर मिलाएं। इस मिश्रण को स्कैल्प पर स्प्रे करें और 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर अपने बालों को धो लें।

### मेथी का पेस्ट और दही

मेथी के पेस्ट और दही दोनों में ही ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो सिर को साफ करते हैं और सिर पर जमी रूसी की परत को हटाने का काम करते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए 2 चम्मच मेथी के दानों को रातभर भिगोकर पीस लें। इसमें 2 चम्मच दही मिलाएं और स्कैल्प पर लगाएं। इससे भी रूसी की परत हटने लगेगी।

### एलोवेरा जेल

यदि आपके घर में एलोवेरा का पौधा लगा है तो उससे बेहतर कोई विकल्प कुछ हो ही नहीं सकता। सिर से रूसी हटाने के लिए ताजा एलोवेरा जेल स्कैल्प पर लगाएं। 30 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें।

## सर्दियों में ऐसे पहनें साड़ी, ठंड से बचेंगे और लुक भी होगा शानदार



साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे महिलाएं हर जगह काफी मन से पहनती हैं। खासतौर पर जब शादी-विवाह की बारी आती है तब तो महिलाएं साड़ी पहनना ही सबसे ज्यादा पसंद करती हैं, लेकिन जब भी सर्दी का मौसम आता है, तब महिलाएं साड़ी पहनने से कतराती हैं। साड़ी में ठंड काफी ज्यादा लगती है, क्योंकि इसके साथ महिलाएं स्वेटर नहीं पहनतीं। यदि आप भी उन्हीं महिलाओं में से हैं, जिन्हें साड़ी पहनना पसंद है लेकिन सर्दी के कारण नहीं पहन रहीं तो हम आपको इसका हल बताने जा रहे हैं। हम यहां आपको साड़ी पहनने के कुछ ऐसे तरीके बताएंगे, जिनको फॉलो करने के बाद आपको जरा सी भी सर्दी नहीं लगेगी। इन टिप्स को फॉलो करके आपका लुक भी स्टाइलिश लगेगा।





### फुल स्लीव्स ब्लाउज पहनें

सर्दी के मौसम में आप गर्म कपड़े (जैसे वूलन या सिल्क) से बने फुल स्लीव्स ब्लाउज साड़ी के साथ पहन सकती हैं। आजकल तो बाजार में हाई नेक या टर्टल नेक डिजाइन वाले ब्लाउज भी मिलते हैं जोकि ठंड से बचाने और फैशनेबल लुक के लिए बेहतरीन माने जाते हैं।

### शॉल इस्तेमाल करें

अपनी साड़ी के साथ मैचिंग या कंट्रास्ट वूलन शॉल कैरी करें। इसे स्टाइलिश तरीके से कंधे या पल्लू पर ड्रेप करें। बाजार में आजकल हर डिजाइन और रंगों की शॉल बाजार में मिलती है, जिसे आप अपनी साड़ी के साथ कैरी कर सकती हैं।

### जैकेट के साथ साड़ी

साड़ी के साथ एक खूबसूरत फिटेड ब्लेजर, लॉन्ग कोट या क्रॉप्ड जैकेट पहनें। यह वेस्टर्न और ट्रेडिशनल लुक का परफेक्ट कॉम्बिनेशन देगा।

## स्टाइल करेंगी ये ब्यूटीफुल डिजाइंस वाली चूड़ियां

चूड़ी आपके आउटफिट को कम्पलीट करने और स्टाइलिश लुक देने का काम करता है। वहीं अगर आप रॉयल लुक चाहती हैं तो आप ये लेटेस्ट डिजाइंस वाली चूड़ी साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। ट्रेडिशनल आउटफिट में जहां आपके लुक को स्टाइलिश बनाने का काम ज्वेलरी करती हैं। तो वहीं चूड़ी भी है जिन्हें स्टाइल करने के बाद आपका लुक रॉयल नजर आता हैं। चूड़ी आपको कई सारे डिजाइन में मिल जाएंगे। लेकिन, अगर आप साड़ी में स्टाइलिश और रॉयल लुक चाहती हैं तो आप ये न्यू डिजाइंस वाली चूड़ियां साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की चूड़ियां आपके लुक को रॉयल बनाने में मदद करेंगी तो वहीं लुक भी खूबसूरत नजर आएगा।



### कुंदन वर्क चूड़ी

इस तरह की चूड़ी आप अपने आउटफिट के मैच करके स्टाइल कर सकती हैं। इन चूड़ी में कुंदन साथ ही सिल्क थ्रेड वर्क किया है जो साडी में आपके लुक को रॉयल देगा। इस तरह की चूड़ी आप डार्क कलर की साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं और ये चूड़ी आपको 500 रुपये की कीमत में मिल सकती हैं।

### मोती वर्क चूड़ी

रॉयल लुक पाने के लिए आप लाइट कलर की साड़ी के साथ इस तरह की मोती वर्क वली चूड़ी स्टाइल कर सकती हैं। इन चूड़ी में बेहह खूबसूरत वर्क किया है और साथ में लटकन भी है। इस तरह की चूड़ी को स्टाइल करने के बाद आपका लुक रॉयल नजर आएगा और इस चूड़ी को ऑनलाइन या ऑफलाइन सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

## सर्दियों में मक्खन जैसी मुलायम हो सकती हैं फटी हुई एड़ियां

सर्दियों का मौसम आते स्किन ड्राई होने लगती है। इसपर कुछ भी लगाया लिया जाए कुछ देर बाद वहां की त्वचा फिर रूखी हो जाती है। सर्दियों में एड़ियों का फटना एक आम समस्या है। इस मौसम में यह समस्या अधिकतर बहुत से लोगों के साथ देखने को मिलती हैं। फटी एड़ियों की दिक्कत ज्यादातर उन लोगों में देखने को मिलती है। जिनकी स्किन बहुत ही ज्यादा सेंसटिव होती है या जो लोग ज्यादा देर पानी में काम करते है। इसके अलावा सर्द-गर्म की वजह से भी स्किन क्रेक होने लगती है। ऐसे में इन लोगों को थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत होती है। यदि आपके साथ ही सर्दी के दिनों में एड़ी फटने जैसी दिक्क्त होती है, तो आज हम आपको एक आसान सा उपाय बताने जा रहे हैं। इस नुस्खे को मेरी मम्मी ने आजमाया हुआ है। आप भी इसको अपनाकर अपनी खराब से खराब एड़ियों को एकदम बटर की तरह मुलायम बना सकती हैं। बस आपको इसे रोजाना ट्राई करना होगा। तब जाकर आपको इसका असर दिखेगा।



ग्लिसरीन में यह एक चीज मिलाकर लगाने से होंगी

शायद आप में से अधिकतर सभी लोगों ने ग्लिसरीन का यूज तो किया ही होगा। ग्लिसरीन को हम मुंह के छाले से लेकर स्किन को मुलायम बनाने के लिए करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस ग्लिसरीन की मदद से आप फटी हुई एड़ियों को एकदम सॉफ्ट बना सकती हैं। इसके लिए आपको ग्लिसरीन में कुछ नींबू की बूंदें डालकर उसमें एक शीशी में भर लेना है। अब इस घोल को आपको रोजाना नहाने के बाद हल्के गीले पैरों में अच्छी तरह लगाना है। आप देखेंगे धीरे-धीरे आपकी एड़ियों की दरारें गायब हो जाएंगी और आपकी एड़ियां बिल्कुल मुलायम दिखने लगेंगी।

कार्नर न्यूज

### सर्द मौसम में सही थर्मल वियर खरीदना समझदारी की बात

## ठंड से बचने थर्मल वियर खरीदते इन बातों का रखें ध्यान, मिलेगी भरपूर राहत

ठंड के मौसम में थर्मल वियर का चुनाव करना बेहद महत्वपूर्ण होता है क्योंकि यह आपके शरीर को गर्म रखने और ठंड से बचाने में मदद करता है। ऐसे में थर्मल वियर खरीदते वक्त इन बातों का ध्यान अवश्य रखें। सर्दियों का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में हर कोई ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े खरीद रहा है। इस मौसम में ठंड से बचने के लिए लोग थर्मल वियर जरूर खरीदते हैं। थर्मल वियर शरीर की गर्मी को अंदर बनाए रखता है और बाहर की ठंडी हवा को रोकता है।

ये अन्य भारी कपड़ों की तुलना में हल्के और पहनने में आरामदायक होते हैं। इनमें इस्तेमाल होने वाले कपड़े जैसे ऊन, कॉटन और पॉलीस्टर मिश्रण शरीर को पसीने से भी बचाते हैं। इन्हें अन्य कपड़ों के नीचे पहनना आसान होता है, जिससे ठंड से बचने के लिए लेयरिंग करना सुविधाजनक हो जाता है। यदि आपको भी काफी ज्यादा ठंड लगती है तो अपने कलेक्शन में अच्छी क्वालिटी का थर्मल वियर अवश्य शामिल करें।



थर्मल वियर खरीदने जा रहे हैं तो कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखें, ताकि ये सही में आपको ठंड से बचा सकें।

### सही हो फैब्रिक

यदि आप बेहद ठंडे इलाके में रहते हैं, तो मिक्स्ड वूल वाले थर्मल बेहतर रहेंगे। ये अधिक गर्माहट देते हैं। हल्की ठंड के लिए कॉटन मटैरियल आरामदायक होता है, लेकिन यह बहुत अधिक गर्म नहीं होता। पॉलिएस्टर और स्पैन्डेक्स मिश्रित थर्मल वियर हल्के और फ्लेक्सिबल होते हैं, और ये नमी सोखने में मदद करते हैं।

### साइज होना चाहिए सही

थर्मल वियर का साइज सही होना चाहिए। ये न तो न बहुत टाइट होना चाहिए और न बहुत ढीला, क्योंकि अधिक टाइट थर्मल पहनने से रक्त संचार प्रभावित हो सकता है, जबकि ढीला थर्मल शरीर को सही तरीके से गर्म नहीं रख पाएगा।

### डिजाइन पर ध्यान दें

थर्मल वियर की लेयर्ड संरचना ज्यादा बेहतर मानी जाती है। अंदर की परत गर्मी को लॉक करती है, और बाहरी परत ठंडी हवा को अंदर आने से रोकती है। यदि लेयर्ड संरचना नहीं होगी तो आप ठंड में परेशान हो सकते हैं।

वजन और मोटाई का ध्यान रखें

अक्सर लोगों को लगता है कि थर्मल वियर मोटा होना चाहिए, जबकि अत्यधिक मोटा थर्मल वियर पहनने में असुविधाजनक हो सकता है।

